हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, शुक्रवार 17 मई 2024
[ राजनांदगांव | कवर्धा | डोंगरगांव | अं. चौकी | मोहला | मानपुर | छुरिया | डोंगरगढ़ | खैरागढ़ | छुईखदान | गंडई | पंडरिया | पांडातराई | स लोहरा | बोड़ला | कुण्डा | कोलेगांव ]

BALBHARTI PUBLIC SCHOOL
ENGLISH & हिन्दी MEDIUM
No Admission Fees
ADMISSION OPEN
Congratulations to our Toppers
ENGLISH MEDIUM Nursery to 12th
हिन्दी MEDIUM 1st to 6th

VINISHA SAHU
95% 10th

GUNJAN DEWANGAN
Bio. 90% 12th
Bal Bharti Public School Baldev Bagh, Rajnandgaon Cont. - 76111-66661 / 96448-96441

## निगम के रिकार्ड में सिर्फ 88 पर शहर में सैकड़ों होर्डिंग्स

# अवैध होर्डिंग्सः शहर की सुंदरता पर ग्रहण, हादसे का भी खतरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

देश की आर्थिक राजधानी कहे जाने वाली मुंबई के घाटकोपर में एक सौ फीट की होर्डिंग्स के पेट्रोल पंप में गिरने से बड़ा हादसा हो गया है। इस हादसे में एक दर्जन से अधिक मौतें और 70 से अधिक लोग घायल हो गए हैं। जिसके बाद देशभर में अब अवैध प्रकार से लगाए गए होर्डिंगों की जांच शुरू कर दी गई है। राजनांदगांव शहर में भी ऐसे सैकड़ों अवैध होर्डिंग्स आपको रास्तों में दिख जाएंगे। निगम के रिकार्ड के अनुसार केवल 88 होर्डिंग्स के लिए टेंडर किया जाता है।

इसके अलावा कोई भी होर्डिंग्स वैध नहीं है। जबकि शहर में होर्डिंगों की संख्या देखी जाए तो तीन सौ से अधिक छोटे-बड़े होर्डिंग आपको दिख जाएंगे। ऐसे में अब भविष्य में किसी भी प्रकार के हादसे से बचने के लिए इन अवैध होर्डिंग्स को हटाना जरूरी हो गया है। जबकि आने वाले दिनों में बरसात का मौसम भी है। जिसमें तेज हवाएं चलने के साथ ही अंधड़ भी देखने को मिलता है। ऐसे में होर्डिंगों की वजह से हादसे हो सकते हैं।

उल्लेखनीय है कि प्रचार के सबसे महत्वपूर्ण मध्यम में से एक होर्डिंग्स का भी अवैध कारोबार अब निगम के साथ लोगों के लिए चिंता का विषय बनता जा रहा है। हर चौक-चौराहों में बिना अनुमति बनाए होर्डिंग्स से जहां हादसे का खतरा बढ़ गया है। वहीं निगम को भी राजस्व का नुकसान हो रहा है। शहर में यूं तो निगम द्वारा केवल 88 होर्डिंग्स का ही टेंडर किया जाता है, लेकिन इससे कहीं अधिक होर्डिंग्स आपको सड़कों में देखने को मिल जाएंगे। सड़क किनारे से लेकर बीच खंभो और सरकारी जमीन पर भी अवैध होर्डिंग्स लगा दिए जाते हैं। अब कार्रवाई की तैयारी कर ली गई है।

### 88 होर्डिंग्स को निगम ने पांच साल के लिए दिए



### सालाना राजस्व का भी नुकसान

अवैध होर्डिंग्स से निगम को राजस्व का भी नुकसान हो रहा है। इन अवैध होर्डिंगों से सालाना एक से डेढ़ लाख रुपए का राजस्व प्राप्त हो सकता है। हालांकि नगर निगम अब ऐसे लोगों पर शिकंजा कसने जा रहा है। आयुक्त अभिषेक गुप्ता ने बताया कि जो बिना अनुमति और अवैध तरीके से अपने प्रतिष्ठान का प्रचार-प्रसार कर रहे हैं, उनके खिलाफ एक्शन लिया जाएगा। नगर निगम ने अपने सभी अंचल के चौक-चौराहों, स्ट्रीट लाइटों और निजी प्रतिष्ठानों पर लगे होर्डिंग्स को लेकर सख्त कदम उठाने को लेकर रणनीति बनाना शुरू कर दिया है। इनके खिलाफ जब्ती के साथ ही जुर्माना भी लगाया जा सकता है।

### खास बातें

- स्ट्राचरल जांच के लिए निगम ने बनाई टीम
- अवैध तरीके से लगे ढ़ेरों होर्डिंग
- मुंबई हादसे के बाद ननि अलर्ट
- चौक-चौराहों में भी लगा दिए जा रहे होर्डिंग्स

### जन्मदिन में भी इस्तेमाल

निगम ने कुछ महीने पहले ही होर्डिंग्स का टेंडर किया है। होर्डिंग्स को छह अलग-अलग जोन में बांटा गया है। शहरभर के कुल 88 होर्डिंग्स को 14.19 लाख रुपए में पांच साल के लिए दिया गया है। यानी सालाना 2.83 लाख रुपए निगम को इससे मिल रहे हैं। किसी नेता का जन्मदिन हो या कोई धार्मिक-सामाजिक आयोजन, हर किसी की प्रचार के लिए पहली पसंद होर्डिंग्स को माना जाता है। यही कारण है की जन्मदिन, कोई त्यौहार या फिर किसी आयोजन पर शहरभर में होर्डिंग्स का इस्तेमाल किया जा रहा है।

### नेताओं का संरक्षण भी

शहर में लगने वाले अधिकांश बैनर-होर्डिंग्स को नेताओं का संरक्षण प्राप्त होता है। जिसके चलते ही निगम के अधिकारी राजनीतिक दलों के नेताओं से उलझना नहीं चाहते। शायद यही कारण है कि सड़कों में लगे हुए छोटे फ्लैक्स बिना अनुमति बिजली के खंभों में लग रहे हैं। शिकायत पर कभी निगम अमला जब्त करने की कार्रवाई करता है, परंतु अगर नियम के अनुसार होर्डिंग्स लगे तो शहर की सुंदरता भी नहीं बिगड़ेगी। इसके अलावा हादसे से भी बचा जा सकता है।

## आधी रात तक चेंकिग 77 वाहन चालकों पर कार्रवाई

राजनांदगांव। अवैध शराब और मादक पदार्थों एवं अन्य सामग्रियों पर शिकंजा कसने के लिए पुलिस ने जिलेभर में देर रात तक चेकिंग अभियान चलाकर करीब 77 वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई की है। जिलेभर में एक साथ चले इस अभियान के तहत समन शुल्क कर मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देशन पर जिले के सभी थाना व चौकी प्रभारियों एवं यातायात शाखा को एमसीपी लगाकर संदिग्ध लोगों पर नजर बनाए रखने और वाहन चेकिंग करने व दुपहिया और चारपहिया वाहन सवारों पर नजर रखने तथा शराब, मादक पदार्थों एवं अन्य सामग्रियों पर रोकथाम करने हेतु वाहनों की चेकिंग करने तथा कानून व्यवस्था को अधिक सुदृढ़ बनाए रखने और यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों पर सख्त कार्रवाई करने हेतु दिशा-निर्देश दिया गया था। जिसके तहत जिले के समस्त थाना एवं चौकी व यातायात पुलिस द्वारा बुधवार को रात्रि 8 से 12 बजे तक एमसीपी लगाकर आने-जाने वाले संदिग्ध, वाहन, वस्तु व्यक्ति की जांच की गई। नियमों का उल्लंघन करने वाले कुल 77 प्रकरण में 77 वाहन चालकों से 23,500 रुपए जुर्माना कर मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

## युवक की सड़क दुर्घटना में मौत

गंडई पंडरिया। नगर पंचायत गंडई के वार्ड क्र. 09 महामायापारा निवासी संजय मनहरे पिता सावंत मनहरे 30 वर्ष का बाइक से बेलगांव जाते वक्त सड़क दुर्घटना में मौत हो गया। पारिवारिक सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार मृतक संजय मनहरे को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत बनाए जा रहे घर की अंतिम किस्त मिलना था। जिसके लिए उसे आधार लिंक कराना था। मृतक अपने ससुराल ग्राम बेलगांव में आधार लिंक करने वाले अपने परिचित के किसी व्यक्ति के पास बाइक से सुबह 11.25 बजे में घर से निकला था, जब वह 11.45 बजे बेलगांव और ठंडार के बीच स्थित उप समिति के पास पहुंचा था, तभी अचानक किसी अज्ञात वाहन ने पीछे से ठोकर मार दिया। जिससे घटनास्थल पर ही युवक की मौत हो गई। 108 संजीवनी वाहन की मदद से उसे गंडई सीएससी हॉस्पिटल लाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित किया।

एक एहसास अपनेपन का...
स्पर्श मल्टीस्पेशिलिटी हॉस्पिटल
राम नगर, सुपेला, भिलाई
स्पर्श हॉस्पिटल भिलाई के सर्जरी विशेषज्ञ
डॉ. नीरज (एमबीबीएस, एमएस) हर माह के तीसरे शनिवार को अम्बागढ़ चौकी में परामर्श हेतु उपलब्ध रहेंगे।
स्थान :
स्पर्श क्लिनिक, शिवनाथ हॉस्पिटल, पंजाब बैंक के सामने, मेन रोड, अम्बागढ़ चौकी
दिनांक : 18 मई 2024, शनिवार | समय : 1.00 बजे से 3.00 बजे तक
जनरल सर्जरी
• हाइड्रोसील • हार्निया • पुराने मवाद या घाव
• सभी प्रकार के पथरी का दूरबीन पद्धति द्वारा इलाज
अग्रिम पंजीयन हेतु कॉल करें:- 7773010915, 9098122633
आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत इलाज की सुविधा उपलब्ध।
Deepak Advts.

## बांकल में राजयोग शिविर आज से

राजनांदगांव। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के स्थानीय सेवाकेन्द्र वरदान भवन लालबाग राजनांदगांव द्वारा 17 से 23 मई तक ग्राम बांकल (पनेका) में राजयोग मेडिटेशन शिविर का आयोजन किया जा रहा है।

शिविर का आयोजन ग्राम के मध्य स्थित रंगमंच में होगा, जहां प्रतिदिन संध्या 7.30 बजे से राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी पुष्पा दीदी के श्रीमुख से शिव अमृतवाणी का रसपान ग्रामवासी कर सकेंगे। साथ ही राजयोग मेडिटेशन का अभ्यास भी कराया जाएगा। राजयोग मेडिटेशन सीखने से कई लाभ होते हैं। जैसे आंतरिक सुख-शांति एवं आनंद की प्राप्ति, एकाग्रता स्मरण शक्ति एवं मनोबल में वृद्धि, संबंधों में मधुरता, तनावमुक्ति, जीवन प्रबंधन इत्यादि। यह जानकारी ब्रह्माकुमारीज सेवाकेन्द्र के मीडिया प्रभारी ब्रह्माकुमार मुरलीधर सोमानी ने दी।

## संदिग्ध रूप में मिली युवक की लाश

राजनांदगांव। शहर के रेलवे स्टेशन क्षेत्र में एक व्यक्ति संदिग्ध रूप से मृत मिला। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पुलिस अधिकारी सहित स्टॉफ पहुंचे। यह खबर जैसे ही शहर में फैली, शहर के लोग बड़ी संख्या में मौके पर पहुंच गए थे।

शव झाड़ियों के बीच में जली अवस्था में मिली है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल एवं मृतक के संबंध में देर रात तक जानकारी लेने का प्रयास कर रही है। उक्त घटना को लेकर सनसनी फैल गई है।

पैरामेडिकल एवं नर्सिंग पाठ्यक्रमों में चयन हेतु आवेदन आमंत्रित
पैरामेडिकल संस्थान, बिलासपुर (छ.ग.) 495006

निम्न तालिका अनुसार (छ.ग.) के विभिन्न जिलों में 12वीं के प्राप्तांकों के अनुसार पैरामेडिकल संस्थान द्वारा संचालित विभिन्न पैरामेडिकल एवं नर्सिंग सहयोगी पाठ्यक्रमों में (सत्र 2024-25) में प्रवेश हेतु आवेदन आमंत्रित है।

उपलब्ध विभिन्न जिलों के प्रशिक्षण केन्द्रों के नाम, पाठ्यक्रम एवं कुल सीटें

| उपलब्ध प्रशिक्षण केन्द्रों के नाम | (D.M.L.T.) डिप्लोमा इन मेडिकल लैब टेक्निशियन | (M.P.W.) पोस्ट डिप्लोमा इन मल्टीपरपस हेल्थ वर्कर | (D.O.T.) पोस्ट डिप्लोमा इन आपरेशन थियेटर टेक्निशियन | (EMT) पोस्ट डिप्लोमा इन इमरजेंसी मेडिकल टेक्निशियन | (X-Ray) पोस्ट डिप्लोमा इन एक्स-रे टेक्निशियन | पोस्ट डिप्लोमा इन नर्सिंग सुपरवाईजर | पोस्ट डिप्लोमा इन डायलिसिस टेक्नीशियन |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| बिलासपुर | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें |
| जांजगीर-चांपा | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें |
| कोरबा | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें |
| रायगढ़ | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें |
| अंबिकापुर | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें |
| रायपुर | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें |
| धमतरी | 30 सीटें | 30 सीटें | 30 सीटें | 30 सीटें | 30 सीटें | 30 सीटें | 30 सीटें |
| सराईपाली | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें |

आवेदन हेतु 12 वी कक्षा में न्युनतम प्रतिशत : अनु. जनजाति 40%, अनु.जाति हेतु 42%, अन्य पिछड़ा वर्ग 45%, सामान्य वर्ग 50% या अधिक। विकलांग सैनिक / स्व.संग्राम सेनानि वर्ग के उम्मीदवारो हेतु निर्धारित सीटे आरक्षित है।

नोट :-
1. आवेदक, निम्न दिये गए आवेदन पत्र के प्रारुप को कम्प्युटर द्वारा टाइप कराकर अपना पूर्ण विवरण स्पष्ट रुप से भरे। साथ ही 25 रुपये का डाक टिकट लगा हुआ 10x4 का सफेद लिफाफे मे अपना स्वयं का नाम, पिता का नाम एवं पूर्ण पता स्पष्ट लिख कर स्पीड पोस्ट द्वारा कार्यालय के निम्न पते पर भेजे। (आवेदन पोस्ट द्वारा नियत तिथि तक ही स्वीकार किया जाएगा)
2. चयनित उम्मीदारो को कॉल लेटर द्वारा काउन्सलिंग हेतु सुचित किया जाएगा। 3. केवल आवेदक ही काउंसलिंग हेतु पात्र होंगे।
4. विद्या कौशल के माध्यम से शैक्षिणिक लोन उपलब्ध है। 5. छ.ग. के किसी भी जिले के विद्यार्थी किसी भी जिले के लिए आवेदन कर सकते है।
6. जो विद्यार्थी सत्र 2023-24 में 12वीं पास हुए है वह अपना आवेदन 12वीं के ऑनलाईन मार्कशीट लगाकर कर सकते है।
7. छत्तीसगढ़ के समस्त जिलों में संचालित पैरामेडिकल एवं नर्सिंग पाठ्यक्रमों के समस्त सीटों में प्रवेश हेतु सीधे प्रवेश अवैध / गलत है। अतः विद्यार्थी किसी कंसलटेंट / व्यक्ति / एजेंट जो आपको संस्था में प्रवेश दिलाने का प्रलोभन दें उनके बहकावें में न आएं। कोई भी दस्तावेज न दें, ना ही एडमिशन दिलाने के एवज में कोई भी राशि न दें।

आवेदन पत्र डाक द्वारा भेजने की अंतिम तिथि :-10.06.2024 तक।
आवेदन पत्र कार्यालय में जमा करने की अंतिम तिथि :-15.06.2024 तक।

आवेदन पत्र भेजने का प्रारुप

प्रति,
संचालक
पैरामेडिकल संस्थान, व्यापार विहार रोड, राजकिशोर नगर, बिलासपुर (छ.ग.) 495 006
महोदय,
.................... (पाठ्यक्रम का नाम) में चयन हेतु मैं अपना आवेदन प्रस्तुत कर रहा / रही हूँ।
1. आवेदक का नाम .................... 2. पिता / पति ....................
3. जन्म तिथि अंकों में .................... 4. वर्ग - अनु. ज. जाति ☐ अनु. जन जाति ☐ पिछड़ा वर्ग ☐ सामान्य ☐
5. पत्र व्यवहार का पता - ग्राम .................... पोस्ट .................... तहसील ....................
थाना .................... जिला .................... पिन कोड ☐
मो. नं. 1 .................... मो. नं. 2 .................... वाट्सअप नं. ....................
6. केन्द्र का नाम जहां चयन पश्चात प्रवेश लेना चाहते है ....................
7. शैक्षणिक योग्यता-

| क्र. | उत्तीर्ण परीक्षा का नाम | उत्तीर्ण वर्ष | कुल अंक | प्राप्तांक | प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | | | | |

कार्यालय संचालक, पैरामेडिकल संस्थान, बिलासपुर

शुभम के मार्ट
शॉपिंग करो खुलके, पैसे बचाओ जमके !


इस आनंदमई उत्सव पे करे
कपड़ो एवं हैंडलूम की खरीददारी और
पायें ढेरो उपहार !


5% EXTRA CASHBACK* SBI card
*Min. Trxn.: ₹2,000; Max. Cashback: ₹150 per card. Validity: 03 May - 01 Jun 2024. T&C Apply.
आज ही पधारिये अपने निकटतम स्टोर पर...
खैरागढ, अटल उद्यान के पास मेन रोड, 9109199250

## खबर संक्षेप

### बेजा कब्जा हटाने सौंपा ज्ञापन



**गंडई पंडरिया।** ग्राम पंचायत जगमडवा में मनरेगा अंतर्गत 3 सड़क बनाने की स्वीकृति मिली है परंतु जहां सड़क बनाया जाना है वहां बेजा कब्जा है। बिना कब्जा हटाए सड़क निर्माण संभव नहीं है जिसे देखते हुए सरपंच टीकम साहू ने तहसीलदार को ज्ञापन सौंपकर कब्जा हटाने की मांग की है। उन्होंने अपने आवेदन में बताया कि मनरेगा अंतर्गत 3 कार्यो की स्वीकृति प्राप्त हुई है। तीनो ही मिट्टी युक्त सड़क के कार्य बेजा कब्जा के चलते बाधित हो रहे है। उन्होंने बताया कि जगमडवा स्कूल से रैमडवा सरहद, रेमडवा के पुसन खेत से सनत खेत तक, जगमडवा रैमडवा माइनर से जगमडवा सरहद तक कच्चे रास्ते का निर्माण किया जाना है। तीनों कार्य की स्वीकृति मिलने के बाद कार्य आदेश जारी हो चुका है लेकिन स्वीकृत स्थल में बेजा कब्जा होने से कार्य कराया जाना संभव नहीं है। उन्होंने मामले की गंभीरता को देखते हुए कब्जा हटवाने की मांग किया है।

### तीर्थ यात्रा कर लौटे कांग्रेस नेता



**डोंगरगढ़।** कांग्रेस नेता और राज्य लोधी समाज के प्रदेश कोषाध्यक्ष विष्णु लोधी परिजनों के साथ चार धाम यात्रा पूर्ण कर लौट आए हैं। उन्होंने बीते दिनों बद्रीनाथ, केदारनाथ, गंगोत्री, यमुनोत्री, जगन्नाथ और द्वारिका का यात्रा पूर्ण किया। रामेश्वरम एवं दक्षिण भारत का यात्रा कर लौटे श्री लोधी ने कहा ग्रंथों में चार धाम यात्रा को शुभ बताया गया है। चार धाम की यात्रा करने से व्यक्ति को हर तरह का लाभ मिलता है। यात्रा में उनके साथ पत्नी उत्तरा लोधी और बेटा भार्गव लोधी भी साथ थे। उन्होंने कहा कि चारों स्थानों पर दिव्य आत्माओं का निवास है। चारों धाम को पवित्र स्थान बताया गया। बद्रीनाथ को सृष्टि का आठवां वैकुंठ कहा जाता है। केदारनाथ भगवान शंकर के आराम करने का स्थान है। बद्रीनाथ सत्य युग तो रामेश्वरम त्रेता युग का प्रतिनिधित्व करता है। द्वारका द्वापर युग तो पुरी कलि युग का प्रतिनिधित्व करता है। उन्होंने कहा कि तीर्थ यात्रा करने से देश और धर्म के बारे में जानने का मौका मिलता है।

### आत्मानंद स्कूल का परिणाम बेहतर

**डोंगरगढ़।** स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल में कक्षा 10वीं एवं 12वीं परीक्षा का परिणाम बहुत अच्छा रहा। दसवीं में नवनीत यादव 91.6 प्रतिशत अंक के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया। थानेश्वरी 89.6 द्वितीय, मोश्रराज देवांगन 88.5 प्रतिशत ने तीसरा स्थान प्राप्त किया।

**न्यायालय तहसीलदार एवं कार्यपालिकदण्डाधिकारी खैरागढ़ जिला-खैरागढ़, छुईखदान, गंडई (छ.ग.)**

**:: ईश्तहार ::**

**रा. मा. क. ...बी-121 वर्ष 2023-24**

एतद द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक गौतम यादव स्व. राम सिंग निवासी शहर/ग्राम मुड़पार, प.ह.नं. .... तहसील खैरागढ़ जिला राजनांदगांव छ.ग. पुत्र / पुत्र / माता / पिता/अन्य स्वयं गौतम यादव आ. स्व. राम सिंग जन्म प्रमाण पत्र की मांग की गई है। उपरोक्त आवेदन पत्र इस न्यायालय जन्म 6/6/2001 को स्थान मुडपार पर होना बताया जाकर जन्म प्रमाण पत्र जारी किये जाने हेतु प्रकरण विचारधीन है। इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति को दावा/आपत्ति हो तो वे सुनवाई तिथि 31/5/2024 लिखित में स्वयं / अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से पेश कर सकते है। बाद में प्राप्त दावा/आपत्ति पर विचार नही किया जावेगा।

यह ईश्तहार दिनांक 13.05.24 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

जारी दिनांक - 13.05.2024
सुनवाई दिनांक 31.05.2024

**कार्यपालिक दण्डाधिकारी**
**खैरागढ़ (छ.ग.)**

### दुकानों के सामने सामान एवं शेड लगाने से बढ़ी मुश्किल

# अतिक्रमण से सड़कें सकरी आवागमन बाधित, व्यापार चौपट

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

नगर पंचायत क्षेत्र के अंदरूनी और बाहरी मार्ग में अतिक्रमण देखने को मिल रहा है।स्थाई दुकानदार दुकान के सामने टीन शेड लगा कर अतिक्रमण किए है तो कुछ समान को बाहर निकाल कर सड़क तक रख दिए।

कुछ ने तो दुकान के बाहर लोहे का रैक बनवाकर दुकान को बढ़ा लिया है जिससे सड़कें सकरी हो गई है। इसके अलावा फुटकर व्यपारी टैक्स जरूरत से ज्यादा जगह घेरकर व्यपार कर रहे है जिससे सड़को पर वाहन चलाना मुश्किल हो गया है। एम्बुलेंस जैसी जरूरी सेवा को सकरी सड़को की वजह से परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

यही हाल घरों का है। अधिकांश घरों का निर्माण सड़क की तरफ की बढ़ा किया गया है जिसके कारण सड़कों की चौड़ाई कम हो गई है। अतिक्रमण करने की होड़ धरसा रोड में भी देखने को मिल रहा है। जिन किसानों का खेत सड़क से लगा हुआ है वह सड़क को छील छील कर खेतों को बढ़ा रहे हैं।

## जरुरत से ज्यादा जगह घेरकर कर रहे व्यापार

### कार्रवाई किया जाएगा

तहसीलदार प्रीति लारोकर ने बताया कि सड़क किनारे से काटे गए पेड़ों का मूल्यांकन कराने के बाद विधि सम्मत कार्यवाही किया जाएगा। सीएमओ गिरीश साहू ने बताया कि पसरा सहित 100 व्यापारियों को नोटिस जारी किया गया है। व्यापारी स्वतः अतिक्रमण हटा लेते है तो ठीक नहीं तो निकाय द्वारा अतिक्रमण हटाया जाएगा।




### घर के बहाने सड़कों तक अतिक्रमण

प्रधान मंत्री आवास सहित निजी घर निर्माण के दौरान देखा गया है कि लोग सड़कों तक कब्जा करने परहेज नहीं करते है जिसके चलते जिन सड़कों से कभी ट्रक गुजरा करते थे वहां से अब बाईक चलाना मुश्किल होते जा रहा है। पंडरिया से भरभड़ी, पंडरिया से दौजरी एवं पंडरिया से ठंडार पहुच मार्ग में खेत मालिक बीते कुछ सालों से लगातार अतिक्रमण कर रहे है जिसके कारण 20 फ़ीट चौड़ी सड़कें अब 8 फ़ीट तक सिमट गई है। सड़क के किनारे कभी 5-5 फ़ीट की खाली रहती थी वहां खेत मालिको ने बॉस बल्ली और काटे तार से घेरा कर सड़क को सकरा कर दिया है। जानकारी के अनुसार दौजरी एवम भरभड़ी मार्ग के किनारे पर लगे बबूल के पेड़ो को कटवा दिया गया जिसकी ठूठ अब भी मौजूद है। काटे गए पेड़ के मोटे तने को ईंट भट्ठों सहित टिम्बर मार्ट में बेच दिया गया है।

### मार्गों से हटाया जा रहा अतिक्रमण

आगामी 18 जून से गंडई में होने वाले पं. प्रदीप मिश्रा के शिव महापुराण कथा में लाखों के शामिल होने की संभावना को देखते हुए समिति के अनुरोध और कलेक्टर के आदेश पर मुख्य मार्गों से अतिक्रमण हटाने की कवायद किया जा रहा है। नगर पंचायत ने कुछ दिन पहले अतिक्रमण हटाने का प्रयास किया तो व्यापारी विरोध में आ गए। नगर पंचायत के सीएमओ ने बाद में नोटिस जारी कर 16 मई तक अतिक्रमण हटाने कहा है। आगामी 17 मई को प्रशासन द्वारा अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही किया जाएगा। भाजपा मंडल अध्यक्ष राजेश मेहता ने मेडिकल के बाहर ग्राहकों की सुविधा के लिए टीन शेड बनाया था जिसे नपं कर्मचारियों के निवेदन पर हटवा दिया। इसी प्रकार ढाबा के पूर्व सरपंच हेमंत वर्मा ने अपनी कपड़े दुकान का टीन शेड हटवा दिया।

### जरूरत से ज्यादा जगह पर कब्जा

शासन ने फुटकर व्यापार को टैक्स मुक्त कर दिया है जिसके बाद से फुटकर व्यापारियो की संख्या में बढ़ोतरी हुई है। फुटकर व्यापारी यंत्र तंत्र पसरा लगा कर बैठने लगे है। जरूरत से ज्यादा समान लाकर दुकान की साइज को बड़ा कर दिए है जिसके कारण सड़कों पर हर शाम जाम के हालात बन जाते है। एम्बुलेंस और पुलिस गाड़ी को भी गंडई से पंडरिया पहुच मार्ग में दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।

### दुकानदारों ने किया अतिक्रमण

नगर पंचायत क्षेत्र के बहुसंख्यक दुकानदारो ने दुकान लेने के बाद टीन शेड बनाकर ग्राहकों के लिए काउंटर के सामने छांव का प्रबंध किया और फिर व्यापार बढ़ाने के चक्कर मे समान को बाहर निकाल कर रख देते है। शटर युक्त रैक बनवा कर उसे दुकान के बाहर जाम करवा दिया गया है जिसके व्यापारिक क्षेत्र के अधिकांश मार्ग सकरे हो गए हैं।

# दुर्घटना में मौत होने पर मिलेगा 2 लाख

- मोटरयान अधिनियम 1988 में संशोधन

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

मोटरयान अधिनियम 1988 में संशोधन कर 1 अप्रैल 2022 से अज्ञात वाहनों से मृत्यु के मामलों में 2 लाख एवं गंभीर रूप से घायल होने पर 50 हजार आर्थिक सहायता राशि देने का प्रावधान किया गया है। इसके पूर्व अज्ञात वाहन से मृत्यु होने पर 25 हजार और गंभीर रूप से घायल को 12500 रुपए आर्थिक सहायता मिलती थी।

माननीय उच्चतम न्यायालय द्वारा इस संबंध में त्वरित कार्यवाही हेतु 12 जनवरी 2024 को विस्तृत आदेश प्रसारित किया है। न्यायालय के आदेश एवं शासन के निर्देश के परिपालन में जिला दंडाधिकारी चंद्रकात वर्मा के निर्देश पर 1 अप्रैल 2022 से घटित हुए प्रकरणों के निराकरण की समीक्षा, नए नियम के संबंध में प्रशिक्षण और आमजन में जागरूकता लाने के उद्देश्य से जिला के अनुविभागीय दंडाधिकारी, पुलिस अधिकारी, तहसीलदार, जनपद पंचायत के सीईओ और नगरीय निकाय के सीएमओ की बैठक अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी की अध्यक्षता में रखी गई थी। बैठक में नए नियम और माननीय उच्चतम न्यायालय के आदेश की विस्तृत जानकारी दी गई।

### एसडीएम के पास कराया जाएगा जमा

नए नियम के अनुसार अज्ञात वाहन से दुर्घटना होने के 30 दिन के बाद थाना प्रभारी द्वारा पीड़ित व्यक्ति या उसके परिजन से प्रपत्र - 1 में आवेदन लेकर एसडीएम के पास जमा कराया जाएगा। एसडीएम द्वारा 1 माह में जांचकर प्रपत्र - 2 में जिला दंडाधिकारी को प्रतिवेदन भेजा जाएगा। जिला दंडाधिकारी द्वारा 15 दिवस में आदेश पारित कर प्रपत्र - 3 में प्रस्ताव जनरल इंश्योरेंस कॉर्पोरेशन, दिल्ली को भेजा जाएगा। कॉर्पोरेशन के द्वारा 15 दिवस के अंदर प्रकरण स्वीकृत कर राशि सीधे पीड़ित या उसके परिजन के खाते में अंतरित किया जाएगा। इस प्रकार घटना घटित होने के 3 माह के अंदर आर्थिक सहायता उपलब्ध कराना होगा।

# तीन दिवसीय उर्स 22 से

**डोंगरगढ़।** अराकीन आस्ताना कमेटी रजानगर द्वारा कौमी एकता की मिशाल तीन रोजा उर्स हजरत बाबा अब्दुल गफ्तार शाह रहमतुल्लाह अलैह एवं हजरत बाबा टेकरी वाले अलैह सरजमीने डोंगरगढ़ में 22 मई को रखा है। इस मौके पर शाही संदल इरफान भाई चिश्ती ग्रुप बालाघाट के साथ हाई स्कूल चौक से शाम 4 बजे निकलकर शहर का गश्त करते हुए मजार शरीफ पहुंचेगा। आगामी 23 मई को रात 9 बजे तकरीर होगी जिसमें मोहम्मद हम्माद रजा कादरी मरकज ए अहले सुन्नत बरेली शरीफ और जलसे में अतराफ के तमाम उलमा ए दीन शामिल होंगे। आगामी 24 मई को कुल की फातिहा रात 10.20 बजे होगी। तीनों दिन आम लंगर का आयोजन किया गया है।

# सीमांकन प्रकरणों को तय सीमा में करें निराकृत

## टीएल की बैठक में कलेक्टर ने दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा ने सभाकक्ष में समय सीमा की बैठक ली। बैठक में उन्होने बारी-बारी से विभागीय समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने जीवन मिशन के संबंध में चर्चा कर गठित समितियों की जानकारी ली।

अन्य विभागों को निर्देश देते हुए कहा कि सभी विभागों में समितियां गठित होनी है एवं जिन विभागों में समितियों गठित नहीं हुई है। संबंधित विभाग समितियां गठित कर जिला कार्यालय को अवगत कराएं। इसके अलावा जिला के नवनिर्मित पोर्टल के संबंध में ई-जिला प्रबंधक से जानकारी ली और समस्त विभाग को निर्देश देते हुए कहा कि जिले में ऐतिहासिक स्थलों को चिन्हांकित कर उक्त स्थल की जानकारी फोटो के साथ जिला के पोर्टल में अपलोड कराएं। उन्होंने जिले के ऐतिहासिक मंडीप खोल गुफा पर चर्चा के दौरान कहा कि जिला के सीमा क्षेतत्रों में मंडीप खोल गुफा का साईन बोर्ड लगाकर और अधिक प्रचार—प्रसार किया जा सकता है।

### जनऔषधि केन्द्रों पर चर्चा

कलेक्टर श्री वर्मा ने विभागीय चर्चा के दौरान कहा कि जिन विभागों को जिला निर्माण के पूर्व जमीन आबंटित हुई होगी, उनकी जानकारी बना लें। इसके अलावा जिले में खोले जाने वाले जनऔषधी केंद्रों पर भी चर्चा की। राजस्व अधिकारियों की समीक्षा करते हुए कहा कि राजस्व के सभी लंबित प्रकरणों को समय—सीमा में निराकृत करें। उन्होंने कहा कि विभाग एक दूसरे के समन्वय के साथ कार्य करें। जिससे कार्य समयावधी में पूर्ण हो सके। उक्त बैठक में अपर कलेक्टर प्रेम कुमार पटेल, संयुक्त कलेक्टर सुरेन्द्र कुमार ठाकुर, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व टंकेश्वर प्रसाद साहू, रेणुका रात्रे सहित जिला अधिकारी एवं कर्मचारि उपस्थित थे।

# देशी, विदेशी शराब दुकानों में अहाता चलाने चयन

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

- चयन प्रक्रिया पूरी
- निविदा दर के आधार पर आवेदकों का चयन

जिला आबकारी विभाग ने वर्ष 2024-25 के लिए जिले में स्थित मदिरा दुकानों से संबद्ध अहातों के प्रबंधन हेतु आवेदन पत्रों का चयन प्रक्रिया पूरी कर लिया है। कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा के निर्देशन, अपर कलेक्टर प्रेम कुमार पटेल तथा जिला आबकारी अधिकारी डिगेश देवांगन के मार्गदर्शन में चयन प्रक्रिया का आयोजन गत 10 मई को पारदर्शी ढंग से किया गया। चयन प्रक्रिया में पात्र आवेदनों की निविदा दर के आधार पर आवेदको का चयन किया गया। कुल 7 आवेदक प्रथम स्थान पर चयनित किए गए। कम्पोजिट मदिरा दुकान मुढ़ीपार हेतु कोई आवेदन प्राप्त नहीं हुआ। देशी एवं विदेशी मदिरा अहाता खैरागढ़ के लिए गुरूविंदर सिंह ढिल्लोन, देशी एवं विदेशी मदिरा अहाता छुईखदान के लिए नितीश कुमार, गंडई के लिए दीनदयाल जायसवाल, विदेशी मदिरा अहाता गंडई के लिए आकाश यादव, देशी मदिरा अहाता कम्पोजिट साल्हेवारा के लिए यमन कुमार वर्मा शामिल हैं। आवेदकों को अब जिला आबकारी अधिकारी कार्यालय में निर्धारित जमा राशि जमा करना होगा। राशि जमा करने के पश्चात ही सम्बंधित विभाग द्वारा उन्हें चयनित अहातों का संचालन करने के लिए लाइसेंस जारी किया जाएगा।

# भू-जल स्तर बनाए रखने फसल विविधीकरण आवश्यक : कलेक्टर

- कार्ययोजना बनाकर किसानों को जानकारी देने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

कलेक्टर संजय अग्रवाल ने फसल विविधीकरण के लिए कार्ययोजना बनाकर किसानों को जानकारी देने कहा। उन्होंने कहा कि रबी फसलों में धान की फसल के स्थान पर गेहूं, मक्का, रागी एवं लघुधान्य फसलों को बढ़ावा देने किसानों को प्रेरित करें। जिससे ग्रीष्मकाल में वाटर लेवल बना रहे। वर्तमान में सतही एवं भूमिगत जल का घटता हुआ जल स्तर एक गंभीर समस्या है। जिले की कृषि में प्रमुख फसल धान है, जिसके लिए सर्वाधिक जल की आवश्यकता होती है।

वैज्ञानिक अनुसंधान के अनुसार 1 किलो ग्राम चावल उत्पादन हेतु औसत 1432 लीटर जल की आवश्यकता होती है।

फसलों में जल मांग के अनुसार धान में 140-150 सेमी हाईब्रिड मक्का को 50-60 सेमी, दलहन फसलों को 25-30 सेमी, सोयाबीन को 60-70 सेमी, तिल को 30 से 36 सेमी, गेहूं को 45-50 सेमी एवं गन्ना को 180-200 सेमी की आवश्यकता होती है।

घटते भूमिगत जल का प्रमुख कारण नलकूपों के माध्यम से अंधाधुंध दोहन एवं सर्वाधिक जल आवश्यकता वाले धान की फसल है। जिले में कुल 29380 नलकूपों द्वारा फसलों की सिंचाई की जाती है।

### खाद बीज का इंतजाम

कलेक्टर के निर्देश पर भूमि की स्थलाकृति, प्रकार, संस्थापना को ध्यान में रखते फसल चक्र परिवर्तन, फसल विविधीकरण के माध्यम से जल संरक्षण के प्रयास किए जा रहे हैं। उल्लेखनीय है कि आगामी खरीफ फसल में धान की खेती के 176044 में से 171110 हेक्टेयर (4934 हेक्टेयर कम) कम जल आवश्यकता वाले फसलें मक्का, लघुधान्य-रागी, कोदो, कुटकी एवं दलहन, तिलहनी फसलों की कार्ययोजना तैयार की गई है। इस महत्वाकांक्षी योजना के क्रियान्वयन के लिए आवश्यक आदान सामग्री बीज, उर्वरक, जैव उर्वरक, पौध संरक्षण औषधि एवं कृषि यंत्रों की व्यवस्था की जा रही है।

# किसानों को गुणवत्तायुक्त बीज एवं खाद सहज उपलब्ध कराएं

- कलेक्टर ने भंडारण व वितरण के संबंध में की समीक्षा
- खरीफ फसल के मुद्दे नजर खाद-बीज पर समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

कलेक्टर संजय अग्रवाल ने खरीफ फसल के दृष्टिगत जिले में खाद-बीज भंडारण एवं वितरण के संबंध में बुधवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष में कृषि विभाग, सहकारिता विभाग, जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक की बैठक लेकर समीक्षा की। कलेक्टर अग्रवाल ने खाद-बीज के भंडारण और किसानों को किए जा रहे वितरण की जानकारी ली।

कलेक्टर अग्रवाल ने कहा कि जिले में लक्ष्य के अनुरूप खाद-बीज का भंडारण हो जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि सभी सोसायटी में पर्याप्त मात्रा में गुणवत्तायुक्त बीज का भंडारण रखें और किसानों की मांग पर बीज का वितरण किया जाए। उन्होंने समय-समय पर बीज की गुणवत्ता को जांच करने अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसानों को गुणवत्तायुक्त बीज एवं खाद सहज उपलब्ध हो जाना चाहिए। उन्हें खाद-बीज के लिए दुबारा सोसायटी आने की जरूरत नहीं पड़नी चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि किसानों को अनावश्यक खाद-बीज के लिए दिक्कत नहीं होना चाहिए। उन्होंने जिन सोसायटियों में खाद-बीज उपलब्ध नहीं है, वहां तत्काल उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

### किसानों को जागरुक करें

कलेक्टर अग्रवाल ने जैविक खेती से होने वाले फायदे के संबंध में किसानों को जागरूक करने कहा। उन्होंने जैविक खेती को बढ़ावा देने गांव-गांव में जाकर किसानों को प्रोत्साहित करने कहा। जैविक खेती के उत्पाद स्वास्थ्य के दृष्टिकोण से लाभप्रद है। इसके फायदे किसानों को बताएं। इसके साथ ही मिट्टी की उर्वरा शक्ति में वृद्धि होती है। रासायनिक खेती के दुष्परिणाम एवं हानि से किसानों को अवगत कराएं। उन्होंने कहा कि रासायनिक खेती से भूमि की उर्वरा शक्ति कम होती है। अच्छी गुणवत्ता की पैदावार नहीं हो पाती है। कम मात्रा में पैदावार होती है। जिससे किसानों की आय में कमी होती है। उन्होंने किसानों को अच्छी गुणवत्ता वाले बीज उपलब्ध कराने कहा। इसके साथ किसानों को पैदावार बढ़ाने के संबंध में सलाह देने कहा। जिससे किसानों के आय में वृद्धि होगी। बैठक में उप संचालक कृषि नागेश्वर लाल पाण्डेय सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# जिपं सीईओ ने मिशन जल रक्षा 2.0 के संबंध में ली बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जिला पंचायत सीईओ सुरूचि सिंह ने राजनांदगांव, मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी एवं खैरागढ़-छुईखदान-गंडई के सभी तकनीकी सहायकों की बैठक लेकर मिशन जल रक्षा 2.0 के संबंध में विस्तृत समीक्षा की।

जिला पंचायत सीईओ द्वारा ग्राम पंचायतों में भू-जल स्तर में वृद्धि के लिए कार्ययोजना पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में घटते जल स्तर पर विशेष ध्यान देते शासकीय भूमि का चिन्हांकन कर प्रत्येक ग्राम पंचायत का भू-जल संवर्धन मैप तैयार किया गया तथा अब तक किए गए कार्यों एवं भविष्य में किए जाने वाले कार्यों को प्रस्तावित कर भू-जल संरक्षण कार्ययोजना तैयार की गई। जिले में घटते भू-जल स्तर पर विशेष ध्यान देते हुए ग्राम पंचायतों में भू-जल संरक्षण कार्ययोजना के तहत वर्षा के जल को गांव में रोकने तथा भू-जल को वृद्धि के लिए संरचनाएं प्रस्तावित की जा रही है। इसके अंतर्गत सर्वप्रथम पानी की समस्या तथा जीआईएस सर्वे के आधार पर लिनियामेंट फ्रैक्चर जोन चिन्हांकित वाले ग्राम पंचायतों में मिनी परकोलेशन टैंक, स्ट्रैगर ट्रेंच तथा नालों में एलबीसीडी गैबियन जैसी संरचनाएं निर्मित कर अधिक से अधिक जल को भूमि के रिचार्ज करने का प्रयास किया जा रहा है।

**पाठक सूचना**

राजनांदगांव जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

8319268069, 9425565082

**मुकदमें के फैसले के बारे में समन्स**

(सिविल प्रोसीजर कोड, आर्डर 5 रूल्स 1 और 5)

दीवानी मुकदमा नं. RCA/62/2023

[illegible]

आज तारीख 29 माह 04 सन 2024 को अदालत की मुहर से जारी किया गया।

[illegible]

Health Town

डॉ. ठाकुर वुमन एंड चाइल्ड होम्योपैथिक क्लीनिक

Dr. Srishti Thakur
D/o Late Dr. Jitendra Thakur
For Appointment
7987959244

स्त्री रोग संबंधित समस्त समस्याएँ जैसे
PCOD| मासिक धर्म अनियमितता | अल्प स्त्राव मासिक| इनफर्टिलिटी | बच्चेदानी की गांठ | स्तन की गांठ

सभी प्रकार के शिशु एवं बाल रोग जैसे
ADHD | AUTISM | व्यवहारिक चिकित्सा

टॉन्सिल उम्र के हिसाब से वजन कम होना दांत निकलते समय की परेशानी रात को बिस्तर गीला की बीमारी इत्यादि।

शॉप नं.1, गोपिया पारा चौक, पटेल कॉम्प्लेक्स, रायपुर
Online परामर्श उपलब्ध | दवाइयाँ कुरियर द्वारा भेजने की सुविधा

Maa Ad.

**मूत्र किडनी एवं प्रोस्टेट**

[illegible]

समय : 11 से 3 बजे तक

जीवन ज्योति क्लीनिक
डॉ. आर अग्रवाल (हर्बल मेडिसीन) नया बस स्टैण्ड के अंदर, गोलू पोहा जलेबी होटल के ऊपर शॉप नं. 25 दुर्ग (छ.ग.)
स्थायी चिकित्सा परामर्श के लिए मिले मो. 7587099540 (आने से पहले फोन करें)

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508133

## खबर संक्षेप

### टीचर्स एसोसिएशन की जिला स्तरीय बैठक आज

**कवर्धा।** छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष रमेश कुमार चन्द्रवंशी ने बताया कि एसोसिएशन की जिला स्तरीय बैठक 17 मई को प्रातः 9 बजे से स्थानीय वीर स्तंभ चौक के पास स्थित रानी झांसी बालोद्यान में आयोजित किया गया है, जिसमें शिक्षक संवर्ग के विभिन्न स्थानीय समस्याओं पर चर्चा कर निराकरण हेतु रणनीति तय किया जाएगा। जिन शिक्षकों का उच्च परीक्षा हेतु अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी नहीं हुआ है, वे एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष के नाम दो प्रति में आवेदन के साथ पावती की छायाप्रति लगाकर बैठक में आवें। इसके साथ ही जिला स्तर पर निराकरण हो सकने वाले कोई अन्य समस्या हो तो वे शिक्षक भी ऐसे ही आवेदन बनाकर बैठक में उपस्थित रहें। शिक्षकों से प्राप्त होने वाले आवेदन के आधार पर अनापत्ति जारी कराने सहित अन्य समस्याओं के निराकरण हेतु कार्य किया जाएगा. टीचर्स एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने जिले के समस्त शिक्षक संवर्ग से बैठक में समय पर उपस्थिति का आव्हान किया है।

### डेंगू दिवस पर विविध कार्यक्रम आयोजित

**कवर्धा।** कलेक्टर जनमेजय महोबे एवं डॉ. बीएल राज मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम अंतर्गत जिले में आय राष्ट्रीय डेंगू दिवस मनाया गया। शहरी वार्डो में लार्वा सोर्स रिडक्शन गतिविधियां अंतर्गत लार्वा खोजो प्रतियोगिता, नारा लेखन, एक दिवसीय संगोष्ठी, मच्छरों से होने वाली बीमारियों के उपाय विषय पर मॉडल बनाओ प्रतियोगिता, प्रचार-प्रसार व आदि गतिविधियां की गई। सीएमएचओ ने इस अवसर पर डेंगू के बचाव के लिए जानकारी दी।

### चार आरोपियों से 27 लीटर महुआ शराब जब्त

**कवर्धा।** रणवीरपुर चौकी की पुलिस ने बाजार चौक पर घेराबंदी कर दो नाबालिग समेत 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से 27 लीटर कच्ची शराब जब्त की है। इसकी कीमत करीब 4 हजार रुपए बताई जा रही है। आरोपियों के विरूद्ध आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही की गई है। चौकी प्रभारी श्री तिवारी ने बताया कि रणवीरपुर के बाजार चौक में दबिश दी गई। इस दौरान आरोपी राजकुमार और एक अपचारी बालक को पकड़ा गया। उसके कब्जे से सफेद प्लास्टिक जमीन में 13 लीटर कच्ची महुआ की शराब जप्त की गई जिसका बाजार मूल्य 1950 रुपए आंका गया है। इसी प्रकार आरोपी तेनेह उर्फ कमलेश मिश्रा और एक अपरी बालक को पकड़ा गया तथा उनके पास से 14 लीटर कच्ची महुआ शराब जब्त की गई है।

### ओपन एवं संस्कृत विद्या मण्डल के नतीजे जारी

**कवर्धा।** छत्तीसगढ़ संस्कृत विद्यामण्डलम् द्वारा आयोजित मुख्य परीक्षा वर्ष 2024 की कक्षा पूर्व मध्यमा प्रथम वर्ष (9वीं) से उत्तर मध्यमा द्वितीय वर्ष (12वीं) के परीक्षा परिणामों की घोषणा बुधवार को कर दी गई है। छग राज्य ओपन स्कूल के 10वीं व 12वीं परीक्षा के परिणाम भी जारी किए गए है।

**समस्या:** गांव में डायरिया के प्रकोप से अब तक दो ग्रामीणों की मौत

# ग्राम कोयलारी में नहीं थम रहा डायरिया का प्रकोप, अब तक करीब 80 चपेट में

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

जिले के विकासखण्ड स. लोहारा के ग्राम कोयलारी में बीते करीब 10 दिनो से जारी डायरिया का प्रकोप स्वास्थ्य विभाग तथा प्रशासन के तमाम तथा कथित प्रयासों और दावों के बाद भी थमने का नाम नहीं ले रहा है। आलम ये है कि यह लगातार बढ़ते ही जा रहा है और गांव के महिला, पुरूष, बच्चों तथा युवाओं को अपनी गिरफ्त में लेकर बीमार कर रहा है। एक जानकारी के मुताबिक अभी तक ग्राम कोयलारी के करीब 80 लोग डायरिया के शिकार हो चुके हैं और गांव में डायरिया के तांडव के बीच अब तक दो ग्रामीणों की मौत भी हो चुकी है। यहां बताना लाजिमी होगा कि ग्राम कोयलारी में करीब दस दिन पूर्व 6 मई को एक ही परिवार के चार लोगों में उल्टी दस्त की शिकायत सामने आई थी। जिसके बाद इन चारों को गांव के ही उप स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया गया था। तब तक उप स्वास्थ्य के स्वास्थ्य कर्मी और न ही ग्रामीण यह समझ पाए थे कि यह सामान्य उल्टी दस्त नहीं बल्कि डायरिया का प्रकोप है जो आगे चलकर गांव में भीषण रूप लेने वाला है और हुआ कुछ ऐसा ही 6 मई को इन चार लोगों के डायरिया की चपेट में आने के बाद इससे पीड़ित ग्रामीणों की संख्या तेजी से बढने लगी और हर रोज गांव से बड़ी संख्या में डयरिया के मरीज सामने आने लगे। इस बीच दो बुजुर्गो की मौत भी हो गई। हालांकि चिकित्सकों का कहना है कि दोनो बुजुर्ग पहले से की अन्य बीमारियों से ग्रसित थे। लेकिन जो भी हो सच्चाई यही है कि 6 मई से 16 मई तक ग्राम कोयलारी में डायरिया से प्रभावित ग्रामीणों का आंकड़ा करीब 80 के आसपास पहुंच चुका है और यह स्थिति तब बनी हुई जब चिकित्सा विभाग तथा प्रशासन दम भर रहा है कि स्वास्थ्य विभाग के आला अधिकारी से लेकर तमाम चिकित्सक एक बड़े स्वास्थ्य अमले के साथ गांव में लगातार न सिर्फ कैम्प कर रहे हैं बल्कि घर-घर मरीजों की जांच की जा रही है उन्हें आवश्यक दवाईयों के साथ उनकी जांच की जा रही है और पेयजल के लिए उपयोगी जल स्त्रोतों के पानी का सेंपल लेकर जांच के लिए भेजा जा रहा है।



### डायरिया से एक भी जनहानि नहीं: स्वास्थ्य विभाग

कलेक्टर जनमेजय महोबे को सीएमएचओ डॉ बीएल राज ने कोयलारी में डायरियों के रोकथाम और नियंत्रण के लिए अपनाए जा रहे अब तक के पूरी रिपोर्ट दी है। रिपोर्ट में सीएमएचओ डॉ राज ने बताया कि कोयलारी में डायरियां की वजह से एक भी जनहानी नहीं हुई है। इस दौरान कोयलारी में दो व्यक्तियों की मृत्यु हुई है, जिनमें से एक श्रीमती बिसाहिन बाई आयु 54 वर्ष है। जो विगत 30 वर्षों से लकवाग्रस्त थी। साथ ही उनके ब्लड प्रेशर का ईलाज भी चल रहा था। 6 मई को सुबह उन्हे दो बार उल्टी हुई, इन्हे सिंघरपुरी के अस्पताल में सुबह 7 बजे भर्ती कराया गया जहां इनकी मृत्यु हो गई। ग्राम कोयलारी निवासी कृष्णा साहू आयु 65 वर्ष का था। वह टीबी के मरीज थे। इनका उपचार 5 जनवरी 2023 से प्रांरभ हुआ और 28 जून 2023 को पूर्ण हुआ। उनका शरीर टीबी की बिमारी के कारण कमजोर हो चुका था और उन्हे उल्टी दस्त की कोई शिकायत नहीं थी। वे अस्थमा से पीडित थे और उन्हे सांस लेने में भी समस्या हो रही थी। इसी समस्या के कारण वे 14 मई को कोयलारी के स्वास्थ्य शिविर में आए थे। उन्हे 14 मई को ही शाम 5 बजे सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सहसपुर लोहारा रिफर किया गया। हालत में सुधार नहीं होने की स्थिति में 15 मई को जिला अस्पताल में रिफर किया गया, परन्तु जिला चिकित्साल पहुंचने से पहले ही मरीज की मृत्यु हो गई।

### गांव के दो कुएं के पानी इस्तेमाल पर रोक

माना जा रहा है कि ग्राम कोयलारी में डायरिया फैलने की मुख्य वजह गांव में स्थित खुले कुंआ का पानी है। जानकारी के मुताबिक स्थानीय ग्रामीणा यहां पेयजल के लिए खुले कुंआ का पानी उपयोग में लाते हैं और ऐसी आशंका जताई जा रही है कुले कुंआ का यह पानी किसी कारण से दूषित हो गया है। जिसे पीने के बाद से ही लोगों में डायरिया फैलना शुरू हुआ है। बहहाल प्रशासन ने इन कुंआ के पानी का सेंपल लिया है और उसे जांच के लिए भेजा गया है वहीं गांव के दो कुंआ के पानी के उपयोग पर फिलहाल रोक लगा दी गई है।

# नाली के आभाव में सड़क पर बह रहा गंदा पानी, ग्रामीण परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोलेगांव

विकासखण्ड पंडरिया के ग्राम कोलेगांव के वार्ड क्रमांक 2 में नाली के आभाव में घरों से निकलने वाले निस्तारी के गंदे पानी की निकासी नहीं होने से ग्रामीणों को भारी परेशानियों को सामना करना पड़ रहा है। स्थिति ये है कि घरों से निकलने वाला पानी वार्ड की सड़क में फैल रहा है जिससे वार्ड में गंदगी तो हो ही रही है साथ ही लोगों को आने जाने में भी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि करीब पांच वर्ष पूर्व गांव के वार्ड क्रमांक 2 में सीसी रोड़ का निर्माण कराया गया था लेकिन सड़क के दोनो और नाली नहीं बनवाई गई थी। जिसके कारण घरों से निकलने वाला निस्तारी का गंदा पानी लम्बे समय से सीसी रोड़ में ही फैल रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि सीसी रोड़ में चौबिसों घंटे गंदा पानी भरे रहने के कारण अब सीसी रोड़ भी बेहद जर्जर और खस्ताहाल हो चुकी है। उन्होने बताया कि वार्ड में व्याप्त इस गंभीर समस्या के संबंध में कई बार ग्राम सरपंच से लेकर वार्ड को पंच को अवगत कराया जा चुका है लेकिन किसी के द्वारा कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है।



### नहीं हो रहा पंचायत की आय और मदों का सही उपयोग

ग्रामीणों ने ग्राम पंचायत के प्रतिनिधियों पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि ग्राम पंचायत को कई माध्यमो से आय होती है इसके अलावा शासन से भी उसे कई मदों की राशि प्राप्त होती है। लेकिन ग्राम पंचायत के पदाधिकारियों द्वारा इन प्राप्त मदों को ग्राम विकास तथा ग्रामीणों को मूलभूत सुविधाएं मुहैया कराने में कोई उपयोग नहीं कर रहे हैं। उन्होने शासन-प्रशासन से मांग की है ग्राम पंचायत कोलेगांव की आय-व्यय की जांच की जाए तथा ग्राम विकास सुनिश्चित किया जाए।

## हादसा...




**कवर्धा।** कुकदुर थाना क्षेत्र के पंडरिया–बजाग मार्ग में हनुमत खोल के पास चालकों की लापरवाही से खाली एम्बुलेंस दुर्घटना का शिकार, चालक को आई मामूली चोटे।

### डीएवी स्कूल में 12 वीं का छात्र भव्य यादव जिला में प्रथम



**कवर्धा।** डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल लड़ुवा पंडरिया के 12वीं का छात्र भव्य यादव ने 96.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर कबीरधाम जिले में प्रथम स्थान हासिल किया और अपने विद्यालय तथा परिवार को गौरवान्वित किया। भव्य यादव ने अच्छे अंक से उत्तीर्ण होने का श्रेय अपने माता-पिता एवं विद्यालय के अध्यापकों को दिया। भव्य यादव के पिता राममुरारी यादव हायर सेकेंडरी स्कूल तरेगाव जंगल में शिक्षक और मां श्रीमती पार्वती यादव आंगनवाड़ी कार्यकर्ता है , साथ ही आंगनबाड़ी संघ के प्रदेश अध्यक्ष भी हैं। हाल ही में संगठन के केंद्रीय टीम में भी शामिल किया गया है, केंद्रीय सचिव का पद दिया गया है। भव्य यादव के 96 .2 प्रतिशत अंक पाने से परिवार व विद्यालय में खुशी की लहर उमड़ पड़ी है। छात्र भव्य यादव जेईई की तैयारी कर रहा है। वह साफ्ट वेयर इंजीनियर बनना चाहता है। वह सिल्वर जोन बिगेस्ट इंटरनेशनल ओलिंपियाड (गणित) में राज्य स्तर पर तीसरे स्थान पर रहे। डीएवी स्कूल के ही छात्रयदुनंदन साहू 93 प्रतिशत, कान्हा चंद्रवंशी 87 प्रतिशत कक्षा 10वीं में धन्नी चंद्रवंशी 83 प्रतिशत सागर जायसवाल 80.6 प्रतिशत, राहुल चंद्रवंशी 70.8 प्रतिशत प्राप्त करके विद्यालय एवं अपने परिवार को गौरवान्वित किया। विद्यालय के प्राचार्य सुशील कुमार यादव ने तथा सभी अध्यापकों ने भव्य यादव एवं अन्य सभी छात्रों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी है।

# समर कैंप से निखरेगी जिले के स्कूली विद्यार्थियों की कला और प्रतिभा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

जिले में गर्मी छुट्टी के दौरान बच्चों में विभिन्न कलाओं एवं प्रतिभाओं को निखारने और विकास के लिए पीएम श्री के तहत विद्यालयों में समर कैंप का आयोजन किया जा रहा है। इसके अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला शंकर नगर कवर्धा, सहसपुर लोहारा विकासखंड के ग्राम खोलवा, पंडरिया विकासखंड के ग्राम जंगलपुर, कवर्धा विकासखंड के ग्राम पथर्रा और बोड़ला विकासखंड के ग्राम तरेगांव जंगल के एकलव्य आदिवासी विद्यालय में समर कैंप का आयोजन किया जा रहा है। कलेक्टर जनमेजय महोबे ने आज जिले में चल रहे समर कैंप का अवलोकन किया। उन्हांने पीएम श्री शासकीय प्राथमिक शाला शंकर नगर कवर्धा और सहसपुर लोहारा विकासखण्ड के ग्राम खोलवा में संचालित पीएम श्री प्राथमिक स्कूल में पहुंचकर बच्चों को कराई जा रही समर कैंप और विभिन्न गतिविधियों की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि स्कूली विद्यार्थियों में शैक्षणिक विकास के साथ-साथ विभिन्न क्षेत्रों में सर्वांगीण विकास को ध्यान में रखते हुए इस वर्ष समर कैंप का आयोजन किया जा रहा। उल्लेखनीय है कि इस समर केम्प के आयोजन का मुख्य उद्देश्य बच्चों में छिपी प्रतिभा, हुनर एवं कला को प्रदर्शित करने के लिए एक मंच प्रदान करना है। जिले में ग्रीष्मकालीन छुट्टियों को देखते हुए 15 मई से 24 मई तक समर कैंप का आयोजन विभिन्न स्कूलों में किया गया है। समर कैम्प में मेहंदी, खेल-कूद, सिंगिंग, डांसिंग, चित्रकला, रंगोली, योगा, निबंध, कहानी, लेखन, कबाड़ से जुगाड़, ज्ञान विज्ञान सहित अन्य कई विधा सिखाई जा रही है। निरीक्षण के दौरान सहायक संचालक एमके गुप्ता और डीएमसी विनोद श्रीवास्तव उपस्थित थे।

### डायरिया का प्रकोप स्वास्थ्य विभाग की उदासीनता का परिणाम: तुकाराम



**कवर्धा।** जिला पंचायत सदस्य एवं युवा कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष तुकाराम चंद्रवंशी ने स्वास्थ्य और पीएचई विभाग पर आरोप लगाते हुए कहा कि कबीरधाम जिला के ग्राम कोयलारी में डायरिया का प्रकोप लातार बढ़ रहा है लेकिन जिम्मेदार विभाग कुम्भकर्णीय नींद में सोए हैं। पीएचई एवं स्वास्थ्य विभाग के उदासीनता के चलते गांव में प्रतिदिन डायरयिा पीड़ित मरीजों की संख्या में वृद्धि हो रही है। उन्होने कहा कि बीते दस दिनो में स्वास्थ्य विभाग और लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की नाकामी खुल कर सामने आई है। दोनों विभाग केवल कागजों पर अपने कामकाज दिखा रहे हैं जबकि जमीनी हकीकत उनके दावों से विपरीत हैं। विभाग अपनी नाकामी छिपाने के लिए न सिर्फ आंकड़ों को छिपा रहे हैं बलकी मामले को दबाने के लिए लीपापोती भी कर रहे हैं। तुकाराम ने कहा कि ग्राम कोयलारी की ही तरह दूसरे गांव दैहानडीह में 46 मरीज पाए गए है ऐसे में स्पष्ट होता है कि स्वास्थ्य विभाग इस पर नियंत्रण पाने में सक्षम नहीं है जिसका खामियाजा लोगों को भुगतना पड़ रहा है और अभी तक दो लोगों को अपनी जान गवानी पड़ी है। उन्होने कहा कि स्वास्थ्य विभाग इस पर भी पर्दा डालने में कोई कसर नहीं छोड़ रहा है और इन दो लोगो की मृत्यु को अन्य बीमारी होने का हवाला देकर अपना पल्ला झाड़ने में लगा है।

**102 मतों से जीता अध्यक्ष पद का चुनाव, प्रतिद्वंदी को मिले मात्र 26 मत**

# पोखराज सिंह पुनः चुने गए जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

विगत दिनों जिला अधिवक्ता संघ के पदाधिकारियों का चुनाव सम्पन्न कराया गया। जिसमें अध्यक्ष पद के लिए पोखराज सिंह परिहार एवं जुगेश चंद्रवंशी के मध्य सीधा मुकाबला हुआ।

इस सीधे मुकाबले में श्री परिहार ने एकतरफा जीत हांसिल करते हुए 102 वोट प्राप्त किए वहीं श्री चन्द्रवंशी को मात्र 26 मत प्राप्त हुए। इस तरह श्री परिहार अध्यक्ष पद निर्वाचित हुए और उनका इस पद के लिए लगातार दबदबा बरकरार रहा है। उपाध्यक्ष पद के लिए राजेश पाठक ने जीत दर्ज करते हुए कुल 96 वोट प्राप्त किए उनके प्रतिद्वंदी योगेन्द्र माहिले को 33 वोट प्राप्त हुए। इसी प्रकार जिला अधिवक्ता संघ के सचिव पद के लिए एलएन तिवारी ने अपनें प्रतिद्वंदी राजेश शुक्ला को पराजित किया। श्री तिवारी को 87 मत प्राप्त हुए वहीं श्री शुक्ला को 39 वोट प्राप्त हुए। कोषाध्यक्ष पद के लिए सुरेश तिवारी को 91 वोट प्राप्त हुए और उनके प्रतिद्वंदी जलेश्वर साहू को 37 वोट प्राप्त हुए। संघ के सह सचिव के लिए विष्णू चंद्रवंशी एवं ग्रंथालय के लिए अतीत सिंह परिहार निर्विरोध निर्वाचित हुए है। जिला अधिवक्ता संघ का चुनाव शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुआ तथा चुनाव प्रक्रिया पूर्ण होनें के बाद विजयी प्रत्याशी को संघ के सदस्यों, अधिवक्ता लिपिक संघ ने बधाई दी। संघ के इस चुनाव को शांतिपूर्ण तथा व्यवस्थित ढंग से सम्पन्न कराने में चुनाव अधिकारी चंद्रशेखर सिंह ठाकुर अधिवक्ता एवं तारकेश्वर जायसवाल का विशेष योगदान रहा।



# निंगापुर में रात्रि कालीन क्रिकेट प्रतियोगिता का हुआ शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

खेल प्रेमियों के लिए अब बड़े-बड़े खेल का आयोजन ग्रामीण क्षेत्रों में भी होना शुरु हो गया है। परंतु अब ग्रामीण क्षेत्रों में भी खेल को लेकर रुझान बढ़ता दिख रहा है जो सराहनीय है। कसी कड़ी में आज पंडरिया ब्लॉक के निंगापुर गांव में रात्रि कालीन खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया। जिसमें अतिथि के रूप में ग्राम के सरपंच भोलाराम चंद्रवंशी, जनपद पंचायत पंडरिया के सभापति अश्वनी यदु, पूर्व सरपंच हेमंत चंद्रवंशी शामिल हुए। अतिथियों द्वारा श्रीफल फोड़कर तथा फीता काटकर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत निंगापुर के सरपंच भोलाराम चंद्रवंशी ने अपने उद्बोधन में कहा कि खेल के प्रति युवाओं में जागरूकता का होना अति आवश्यक है, खेल भावना का होना अति आवश्यक है, खेल युवाओं को मानसिक रूप से स्वस्थ बनाता है। वहीं अश्वनी यदु ने कहा की युवाओं को निश्चीत रूप से खेल के प्रति जागरूक होकर आगे आना चाहिए। खेल से ना सिर्फ शरीर मजबूत होता है अपितु नशा मुक्ति का सबसे अच्छा जरिया खेल ही है, खेल के प्रति जितनी जागरूकता आएगा उतना ही नशा से दूरी बनेगी। उन्होने कहा कि खेल आपसी भाईचारे को भी बढ़ावा देने में अहम भूमिका निभाता है, सैकड़ों गांव शहर के युवा जब आपस में मिलते हैं तो मित्रता तो होना ही है और जब मित्रता होगी तो दुश्मनी के लिए जगह नहीं रह जाती। इसका सीधा अर्थ है खेल से क्राइम को भी कंट्रोल किया जा सकता है। उन्होने सभी खिलाडिय़ों को अच्छे प्रदर्शन की शुभकामनाएं दी। पूर्व सरपंच हेमंत चंद्रवंशी ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए अपने खेल भावना का परिचय देने की अपील की। आज के कार्यक्रम में मुख्य रूप से डाकोर चंद्रवंशी सागर चंद्रवंशी गणेश चंद्रवंशी लवलेश चंद्रवंशी राहुल चंद्रवंशी निखिल विनय लक्की विनय चंद्रवंशी सुमित दीपचंद नीलकमल हेमलाल आयुष नरेन्द्र नितेश राजा गांव के गणमान्य नागरिक खेल प्रेमी उपस्थित थे।



## सार समाचार

### जालबांधा अस्पताल के संस्था प्रभारी को नोटिस

**खैरागढ़।** निरीक्षण दौरान काम से अनुपस्थित जालबांधा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी को सीएमएचओ ने नोटिस जारी किया। कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा के निर्देश पर सीएचएमओ डॉ. गणेश दास वैष्णव व स्वास्थ्स विभाग की टीम ने रविवार अवकाश के दिन भी स्वास्थ्य सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने विभागीय निर्देश की मैदानी हकीकत जानने सीएचएमओ के साथ विभाग की टीम ने जालबांधा के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मे दस्तक दी जहां दोपहर के समय एक भी कर्मचारी और डॉक्टर उपस्थित नही था। एएनएम प्रभा वर्मा स्टाफ क्वार्टर मे लंच के लिए गई थी और चिकित्सा अधिकारी प्रियंका गेंड्रे व सहायक आनकॉल ड्यूटी पर थे। ड्यूटी पंजी के निरीक्षण बाद संस्था प्रभारी को चेतावनी देते हुए मौके पर ही नोटिस जारी किया गया। गौरतलब है कि बीते कई दिनों से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मे पदस्थ स्टाफ की लापरवाही को लेकर सोशल मीडिया में हलचल मची हुई थी जिसे देखते हुए सीएचएमओ ने अवकाश का दिन निरीक्षण के लिए चुना था। पदस्थ चिकित्सा अधिकारी डॉ प्रियंका गेंड्रे ने बताया कि कुछ देर पहले ही रोड एक्सीडेंट में घायल का प्राथमिक उपचार कर वो क्वार्टर गई थी। आनकॉल ड्यूटी होने के कारण उन्होंने स्टाफ को चेताया था।

### कायस्थ समाज ने मनाई चित्रगुप्त जयंती

**राजनांदगांव।** कायस्थ समाज द्वारा श्री चित्रगुप्त जयंती 15 मई को



जमातपारा मंदिर में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। महापौर हेमा देशमुख की उपस्थिति में शंख महाआरती का आयोजन सुबह-शाम किया गया। कार्यक्रम में अध्यक्ष देवेन्द्र मोहन लाला देबू, राकेश इंदूभषण ठाकुर, पूर्व लोकपाल अमलेन्दु हाजरा, कबीर श्रीवास्तव, अनिल श्रीवास्तव, डॉ. कृष्ण मोहन श्रीवास्तव, भोला बख्शी, ऋषि श्रीवास्तव, संतोष श्रीवास्तव, पोपटलाल श्रीवास्तव, पूर्व अध्यक्ष रमेश श्रीवास्तव, कायस्थ रामायण मंडली की महिलाएं शामिल रही। फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार मेडल दिया गया। मेधावी छात्रों को भी स्वामी विवेकानंद प्रमाण पत्र दिया गया। भागवत कर रहे महाराज को श्रीफल एवं शाल से सम्मानित किया। सफल आयोजन के लिए समाज के सहयोगियों का सचिव नागेश श्रीवास्तव द्वारा आभार व्यक्त किया गया। महिलाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

### अवैध शराब पर कार्रवाई, आठ आरोपी गिरफ्तार

**राजनांदगांव।** जिलेभर में शराब कोचियों पर लगाम कसने के लिए पुलिस ने एक अभियान चलाकर कुछ स्थानों में दबिश देकर आठ प्रकरणों में आठ आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस की इस कार्रवाई से अवैध शराब की बिक्री करने वाले कोचियों में खलबली मची है। उल्लेखनीय है कि आबकारी विभाग के शह पर जिले में कोचियों ने एक बार फिर से अपनी दुकान लगा दी है।

लगातार शिकायतों के सामने आने के बाद पुलिस ने अब कोचियों के खिलाफ ताबड़तोड़ कार्रवाई करने अभियान चलाया है। पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ऑप्स मुकेश ठाकुर एवं पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा के निर्देशन में बुधवार को सोमनी पुलिस द्वारा 34(1) के 03 प्रकरण में 03 आरोपी के कब्जे से 52 पौवा देशी शराब कीमती 4680 रुपए, कोतवाली पुलिस द्वारा 34(2) के 01 प्रकरण में 01 आरोपी के कब्जे से 32 पौवा देशी शराब कीमती 2828 रुपए एवं 34(1) के 01 प्रकरण में 01 आरोपी के कब्जे से 18 पौवा देशी शराब कीमती 1620 रुपए, थाना घुमका पुलिस द्वारा 34(2) के 01 प्रकरण में 01 आरोपी के कब्जे से 43 पौवा देशी शराब कीमती 7160 रुपए, ओपी मोहारा पुलिस द्वारा 34(1) के 04 प्रकरण में 04 आरोपी के कब्जे से 75 पौवा देशी शराब कीमती 6750 रुपए, थाना बागनदी पुलिस द्वारा 34(1) के 01 प्रकरण में 01 आरोपी के कब्जे से साढ़े 04 लीटर महुआ शराब कीमती 6750 रुपए जब्त कर आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध किए हैं।

इस प्रकार जिले में 15 मई को कुल 8 प्रकरणों में 8 आरोपियों के विरूद्ध आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई कर आरोपियों के कब्जे से 170 पौवा देशी प्लेन शराब एवं कच्ची महुआ शराब साढ़े 4 लीटर कुल कीमती 18,938 रुपए जब्त किया गया।

### चार दिन के भीतर मोहला-मानपुर क्षेत्र में दूसरी बड़ी घटना

# जंगली सूअर के हमले में तेन्दूपत्ता संग्राहक की मौके पर दर्दनाक मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मोहला-औंधी

मोहला-मानपुर अंबागढ़ जिले के औंधी थाना क्षेत्र में गुरुवार सुबह तेन्दूपत्ता तोड़ रहे एक संग्राहक पर जंगली सूअर ने हमला कर दिया। हमले में ग्रामीण की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई है। चार दिन के भीतर मोहला-मानपुर क्षेत्र में जंगली सूअर के हमले की यह दूसरी घटना है। जिसमें एक की मौके पर ही मौत हो गई। दूसरा जिंदगी और मौत के बीच संघर्ष में है। मिली जानकारी के मुताबिक औंधी क्षेत्र के हालेपायली के रहने वाले रामसिंग गावड़े तेन्दूपत्ता तोड़ने के लिए रोज की तरह सुबह घर से निकला हुआ था। जंगल में पत्ता तोड़ाई के दौरान लगभग 9 बजे के आसपास एक जंगली सूअर ने उस पर हमला कर दिया। हमले में वह गंभीर रूप से घायल हो गया और मौके पर ही उनकी मौत हो गई। बीते चार दिनों के भीतर जंगल में तेंदूपत्ता तोड़ाई के दौरान किसी संग्राहक की मौत और घायल होने की यह दूसरी घटना है। इससे पहले मोहला-मानपुर-अंबागढ चौकी जिले में जंगली सूअर के हमले से हेरकुटुम निवासी शिवचरण कुंजाम गंभीर रूप से घायल हो गया है। जिसका ईलाज मेडिकल कॉलेज राजनांदगांव में जारी है। मोहला से सटे ग्राम हेरकुटुम निवासी शिवचरण कुंजाम (60 वर्ष) सुबह गांव से लगे जंगल में लकड़ी काटने के लिए गया हुआ था, तभी अचानक एक जंगली सूअर ने ग्रामीण पर हमला कर दिया। जंगली सूअर के हमले से ग्रामीण को पेट व सीने में काफी चोंटें आई। घटना की जानकारी होते ही ग्रामीण एवं परिजन तत्काल एम्बुलेंस की मदद से शिवचरण कुंजाम को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मोहला पहुंचाया।



#### दहशत में औंधी क्षेत्र के ग्रामीण

इस वक्त तेंदूपत्ता से लेकर बरसात से पहले क्षेत्र के वनवासी ग्रामीण जलाऊ लकड़ी के लिए जंगल में आना-जाना कर रहे हैं। इसी बीच जंगली सूअर के हमले से मौत और दूसरे की गंभीर रूप में पहुंच जाने के बाद मोहला-मानपुर क्षेत्र के वनवासी ग्रामीण दहशत में

#### वन विभाग भी लगी है जांच में

आज सुबह जंगल में औंधी थाना क्षेत्र के ग्राम हालेपायली निवासी रामसिंग की जंगल में तेंदूपत्ता तोड़ाई के दौरान जंगली सूअर के हमले से मौत के मामले में वन विभाग के अफसर भी प्रकरण की जांच कर रहे हैं। बताया गया कि उक्त प्रकरण में विभाग की तरफ से मृतक परिवार को क्षतिपूर्ति राशि प्रदान की जाएगी।

### गोटाटोला का दबदबा, दो विद्यार्थी जिला टॉप-10 में





**मोहला।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गोटाटोला विकासखंड मोहला में बोर्ड परीक्षा का परिणाम उत्कृष्ट रहा।

इस वर्ष जिले की टॉप-10 सूची में कक्षा 10वीं से तेजस्वी सिन्हा पिता अरूण सिन्हा ग्राम गोटाटोला 93.50 प्रतिशत अंक के साथ जिला में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। वहीं उसी स्कूल की छात्रा पायल साहू पिता व्यासनारायण साहू ग्राम कलचुवा ने 91.50 प्रतिशत के साथ जिले में छटवां स्थान पर रही। दोनों विद्यार्थियों ने विद्यालय का नाम रोशन किया है।

इस वर्ष गोटाटोला स्कूल का 12वीं में 90.63 प्रतिशत व 10वीं में 97.27 प्रतिशत रिजल्ट रहा। गोटाटोला के दोनों विद्यार्थियों को विकासखंड शिक्षा अधिकारी मोहला एवं प्राचार्य उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गोटाटोला तथा अन्य शिक्षकों व ग्रामीणों ने बधाई प्रेषित किया।

## फर्जी दस्तावेज तैयार कर धोखाधड़ी फरार आरोपी हुआ गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

फर्जी दस्तावेज तैयार कर फर्जी मुख्तयारनामा



बनाकर जमीन रजिस्ट्री कराने के मामले में फरार तीन आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत प्रार्थी समीर सचदेवा 53 साल जबलपुर का 4 फरवरी को थाना में रिपोर्ट दर्ज कराया कि उसका जमीन ग्राम तेलीटोला (टप्पा) जीई रोड से लगी है। उक्त जमीन के संबंध में 19 जनवरी को हल्का पटवारी कमलेश चंदेल द्वारा फोन कर जानकारी लिया कि आप किसी को पावर ऑफ अटर्नी देकर बिक्री किए हो, जमीन बिक चुकी है, तब यह जबलपुर से आकर जानकारी लिया तो उक्त जमीन को अनावेदक प्रेमलाल भाट ग्राम रजोली जिला बालोद द्वारा अन्य लोगों के साथ मिलकर भूमि का फर्जी दस्तावेज तैयार कर प्रार्थी के स्थान पर अन्य व्यक्ति को खड़ा कर फर्जी मुख्तयारनामा तैयार कर क्रेता अजय कुमार कुकरेजा दल्लीराजहरा डौंडी जिला बालोद एवं संजय कुमार जैन लोहारपारा रोड भरकापारा राजनांदगांव के पक्ष में उप पंजीयक कार्यालय राजनांदगांव को विक्रयनामा निष्पादित करना पाया गया। जांच पर धारा 419, 420, 467, 468, 471, 120-बी भादवि कायम कर विवेचना में लिया गया। दौरान विवेचना के 24 फरवरी को आरोपी नावेद अली 32 साल थाना पदनाभपुर जिला दुर्ग, श्रवण कुमार साहू 39 साल साकिन सिकोसा जिला बालोद एवं 12 मई को बिहारी लाल 58 वर्ष साकिन दमोदा जिला दुर्ग, प्रेमलाल भाट 40 वर्ष साकिन ग्राम रजोली जिला बालोद को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है, जो जिला जेल राजनांदगांव में निरूद्ध है।

#### पुलिस ने की कार्रवाई

पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देश एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा तथा नगर पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र नायक के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी निरीक्षक एमन साहू के नेतृत्व में थाना कोतवाली से टीम गठित कर मामले में फरार मनोज कुमार वैष्णव 20 वर्ष दुर्ग, प्रशांत कुमार कसार 42 वर्ष दुर्ग, विनोद कुमार निषाद 30 वर्ष साकिन ग्राम पीपरछेड़ी जिला दुर्ग को गिरफ्तार कर आरोपियों को न्यायिक अभिरक्षा में माननीय न्यायालय पेश किया गया। जेल वारंट प्राप्त होने पर जिला जेल राजनांदगांव में दाखिल किया गया।

## सर्विस लेन की बढ़े चौड़ाई, एफसीआई के लिए वैकल्पिक मार्ग की उठी मांग

### विस अध्यक्ष को तथागत ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

शहर के सर्विस लेन में आए दिन हो रही सड़क दुर्घटनाओं को लेकर अब आक्रोश की स्थिति निर्मित हो रही है। रामदरबार चौक और रायपुर नाका चौराहे में पिछले कुछ सालों से हो रही सड़क दुर्घटनाओं में कई लोगों की मौत भी हो चुकी है, लेकिन आज पर्यन्त तक इस समस्या को दूर करने के लिए प्रशासन ने कोई कार्रवाई नहीं की। शहर के समाजसेवी तथागत पांडे ने आज विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह से मुलाकात कर एक ज्ञापन सौंपकर दुर्घटनाओं को रोकने की दिशा में पहल करने का आग्रह किया है।

उल्लेखनीय है कि शहर से चौराहे तक जाने वाली सर्विस रोड चौक के ठीक पहले खतरनाक रूप से सकरी हो जाती है। जिससे भीड़भाड़ होती है और दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ जाता है। चौराहे पर एक वाणिज्यिक वेब्रिज की उपस्थिति से ट्रैफिक जाम बढ़ जाता है। जिससे यात्रियों के लिए एक बड़ा खतरा पैदा होता है। चौराहे पर यातायात पुलिस की उपस्थिति का उल्लेखनीय अभाव है। जिससे यातायात का प्रवाह अव्यवस्थित हो जाता है और यातायात नियमों का अपर्याप्त कार्यान्वयन होता है। घनी आबादी वाले क्षेत्र में स्थिति यह चौराहा राष्ट्रीय राजमार्ग और शहर के यातायात के बीच जंक्शन के रूप में कार्य करता है। जिससे यात्रियों और निवासियों के सामने आने वाली चुनौतियां बढ़ जाती है।



#### जवान के तैनाती की मांग

समाजसेवी श्री पांडे द्वारा सौंपे गए ज्ञापन में उन्होने कहा कि भीड़भाड़ कम करने और सुरक्षा बढ़ाने के लिए सर्विस सड़कों का चौड़ीकरण, वाणिज्यिक वेब्रिज को चौराहे से दूर अधिक उपयुक्त स्थान पर स्थानांतरित करना, ट्रक यातायात को सुव्यवस्थित करने के उपायों का कार्यान्वयन, विशेष रूप से एफसीआई जाने वाले वाहनों के लिए निर्दिष्ट प्रतीक्षा क्षेत्र या वैकल्पिक मार्ग तैयार किया जाए। यातायात प्रवाह को प्रबंधित करने और सड़क सुरक्षा नियमों को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए यातायात पुलिस अधिकारियों की तत्काल तैनाती की जाए।

#### ट्रकों की कतार

सड़कों के दोनों ओर ट्रकों की लंबी कतारें, जो एफसीआई गोदाम में अनलोड होने की प्रतीक्षा में खड़े रहते हैं। पूरी सेवा सड़कों को अवरुद्ध कर देती है और इसलिए यातायात की स्थिति और भी खराब हो जाती है और दुर्घटनाओं की संभावना और बढ़ जाती है।

### पानी की समस्या के लिए चर्चा

**राजनांदगांव।** चिखली रेलवे क्रासिंग के पास अंडरब्रिज का निर्माण किया जा रहा है। क्रासिंग के नीचे पटरी पार के उस पार पानी सप्लाई के लिए बिछी पाईप लाईन आने के कारण अंडरब्रिज निर्माण कार्य में रूकावट आ रही है। चूंकि ग्रीष्मऋतु चल रही है। जिसमें पानी की समस्या भी आ जाती है।

इन सबके निराकरण के लिए महापौर हेमा सुदेश देशमुख ने गुरुवार को रेलवे एवं नगर निगम के अधिकारियों से चर्चा की। चर्चा के दौरान रेलवे अधिकारियों ने महापौर श्रीमती देशमुख से कहा कि अंडरब्रिज के निर्माण में पाईप लाईन के कारण रूकावट आ रही है। जिसका निराकरण किया जाना है। महापौर ने इस संबंध में निगम के अधिकारियों से चर्चा की। चर्चा उपरांत उन्होंने कहा कि पुराने पाईप लाईन के कनेक्शन को टांकाघर के वाल्व से जोडा जाए। जिससे पानी का प्रेशर बढ़े और स्टेशनपारा वार्ड नं. 11 एवं केवटपारा में पानी की समस्या से निजात मिलेगी और लोगों को पर्याप्त पानी मिलेगा। टांकाघर के वाल्व से कनेक्शन करने से रेलवे क्रासिंग की पाईप को बंद किया जा सकता है। जिससे अंडरब्रिज का रूका काम पुनः चालू हो जाएगा और अंडरब्रिज निर्माण में गति आएगी। चर्चा के दौरान उत्तर ब्लाक के अध्यक्ष व पार्षद प्रतिनिधि आसिफ अली भी उपस्थित थे।

## खाद-बीज पंजीयन के लिए किसानों से दो सौ रुपए की अवैध वसूली

- हमार राज पार्टी के पदाधिकारी ने कलेक्टोरेट पहुंचकर की शिकायत

**राजनांदगांव।** हमार राज पार्टी के पदाधिकारी ने आज कलेक्टोरेट कार्यालय पहुंचकर बोरतलाव सहकारी समिति प्रबंधक द्वारा किसानों से खाद-बीज पंजीयन के नाम पर अवैध वसूली किए जाने की शिकायत करते हुए समिति प्रबंधक पर दंडात्मक कार्रवाई की मांग की है।

राजनांदगांव जिले के डोंगरगढ़ विकासखंड के अंतर्गत आदिम जाति सहकारी समिति बोरतलाव के समिति प्रबंधक के खिलाफ हमार राज पार्टी के पदाधिकारी ने कलेक्टोरेट कार्यालय पहुंचकर एक ज्ञापन के माध्यम से कहा है कि सहकारी समिति प्रबंधक द्वारा किसानों से खाद-बीज पंजीयन के लिए प्रति किसान से प्रति एकड़ 200 रुपए की अवैध वसूली की जा रही है। हमार राज पार्टी के युवा प्रदेश अध्यक्ष उदय नेताम और राजनांदगांव जिला अध्यक्ष मनमोहन सिंह उईके ने कहा है कि बोरतलाव क्षेत्र के किसानों से समिति प्रबंधक द्वारा पंजीयन के नाम पर अवैध रूप से 200 रुपए लिया जा रहा है, जिस पर कार्रवाई नहीं होने से हमार राज पार्टी द्वारा उग्र आंदोलन किया जाएगा। हमार राज पार्टी के पदाधिकारी द्वारा सहकारी बैंक अध्यक्ष के नाम से सौंपे गए ज्ञापन में कहा है कि आदिम जाति सहकारी समिति बोरतालाव समिति प्रबंधक द्वारा किसानों से खाद-बीज के पंजीयन के लिए नक्शा-खसरा के नाम पर अवैध रूप से 200 वसूली की जा रही है। वहीं समिति प्रबंधक के रवैये से क्षेत्र के किसान परेशान हैं। उन्होंने कहा कि किसानों द्वारा शिकायत करने पर समिति प्रबंधक द्वारा रौब दिखाया जाता है, जिस पर शीघ्र कार्रवाई की जानी चाहिए।

### 10वीं बोर्ड में भूमि ने हासिल किए 92% अंक

**राजनांदगांव।** सीबीएसई 10वीं बोर्ड के स्थानीय गायत्री विद्या पीठ की छात्रा भूमि



अग्रवाल ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते 92 प्रतिशत अंक हासिल किए। महाराष्ट्र राज्य के गढ़चिरौली जिले के कोरची निवासी भूमि अग्रवाल ने इस सफलता के जरिये स्कूल, माता-पिता और अग्रवाल समाज का नाम और मान बढ़ाया। सभी विषयों में भूमि ने बेहतर अंक अर्जित किए। जिसमें हिंदी में 89, अंग्रेजी में 90, मैथमेटिक्स स्टैंडर्ड में 96, विज्ञान में 94 और सोशल साइंस में 91 अंक प्राप्त किए। भूमि ने इस उपलब्धि पर प्राचार्य, शिक्षक, अपने पालक को श्रेय दिया है। भूमि महाराष्ट्र के कोरची निवासी किरण अग्रवाल और संगीता अग्रवाल की सुपुत्री है।

परिहार हॉस्पिटल कवर्धा
मदर एवं चिल्ड्रन हॉस्पिटल
PARIHAR HOSPITAL
> स्मार्ट कार्ड से निःशुल्क ईलाज
> किफायती दरों में नॉर्मल व सिजेरियन डिलीवरी
> नवजात शिशु व बच्चों के ईलाज की आधुनिक सुविधाएं
> निःसन्तान दंपतियों को परामर्श, जांच व ईलाज की सुविधा
> सभी प्रकार की जनरल व लेप्रोस्कोपिक सर्जरी (बच्चादानी, हर्निया, हाईड्रोसिल, पथरी, प्रोस्टेट व एपेंडिक्स) किफायती दरों में
सम्पर्क : 9753059148
परिहार हॉस्पिटल मिनीमाता चौक, कवर्धा




स्पेशल ट्रेन से 08 जून से 14 जून 2024
सबसे कम राशि पर
माता वैष्णव देवी
हरिद्वार,मथुरा वृंदावन (श्री कृष्ण जन्मभूमि)
राशि:- स्लीपर 8500/- 3 एसी 16,500/-2 एसी 21,500/ (+5% GST)
छत्तीसगढ़ के श्रवण कुमार
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
Since-2007
संपर्क करें:-7354-411411

## नमामि-खमामी एवं मिच्छामी ये तीन शब्द जीवन का रूपांतरण कर देते हैं : मुनिश्री

**राजनांदगांव।** युग प्रधान गुरुदेव आचार्य श्री महाश्रमण के सुशिष्य मुनिश्री सुधाकर ने कहा कि नमामि, खमामी और मिच्छामी यह तीन शब्द जीवन जीने की कला सिखाते हैं। जीवन का रूपांतरण कर देते हैं, रिश्तों में मधुरता और सुदृढ़ता लाते हैं। उन्होंने कहा कि यह तीन शब्द यदि हम व्यवहार में ला लेते हैं तो हमारा जीवन ही बदल जाएगा। संपूर्ण जैन धर्म का सार भी यही है।

तेरापंथ भवन में आज अपने नियमित प्रवचन में मुनिश्री सुधाकर ने कहा कि नमामि अर्थात विनम्रता। हमारे जीवन में विनय और समर्पण का भाव होना चाहिए। विनय हमारी विरासत और संस्कृति है। विनम्रता जीवन का सर्वोत्तम आभूषण है। उन्होंने कहा कि जिंदा रहना तो जिंदों की शान है, अकड़ना तो मुर्दों की पहचान है, जब तक आप बड़ों के सामने में नहीं झुकेंगे, तब तक आपको आशीर्वाद नहीं मिलेगा। विनय विकास है



और अहंकार विनाश है। रावण को उसके अहंकार ने मारा। अहंकार की सबसे बड़ी निशानी है पतन।

मुनिश्री सुधाकर ने कहा कि आपके जीवन में ऐसे विनम्रता का भाव आना चाहिए कि आप ऊंचा होते जाएं। उन्होंने कहा कि जब हम अपने से बड़े व्यक्ति के पैर के अंगूठे का स्पर्श करते हैं तो हमारे शरीर के अंदर शक्ति का संचार होता है। यह हमें स्फूर्ति देता है और हमारे जीवन को ऊपर उठाता है। आशीर्वाद में अद्भुत शक्ति होती है। आशीर्वाद कभी खाली नहीं जाता। प्रणाम का परिणाम सदैव कल्याणकारी होता है, इसलिए सुबह उठते ही अपने माता-पिता एवं गुरू का चरणस्पर्श कर आशीर्वाद प्राप्त करें। दूसरा शब्द है खमामी अर्थात क्षमा। उन्होंने कहा कि विवाद का सबसे बड़ा कारण यह है कि हम बातों को भूलते नहीं है। अगर जिंदगी में खुश रहना है तो विवाद को दरकिनार कर क्षमा मांगना सीखे। इसी तरह तीसरा शब्द मिच्छामि अर्थात क्षमा मांगना और क्षमा करना। क्षमा मांगना और क्षमा करना सीखे तो जीवन धन्य हो जाएगा। जीवन में यदि नमामि, खमामी और मिच्छामी को लेकर कर कार्य किया जाए तो जीवन सफल हो जाएगा। प्रवचन में राधा वल्लभ राठी, प्रकाशचंद सांखला, प्रकाशचंद सिंगी, केशरीचंद सावा, गणेश ओस्तवाल एवं शिवकुमार संचेती उपस्थित थे।

आवश्यक सूचना
हरिभूमि
पाठक पुरस्कार योजना
के सम्माननीय विजेताओं से आग्रह है कि अपना उपहार हरिभूमि कार्यालय राजनांदगांव में संपर्क कर प्राप्त कर लेवें।
उपहार प्राप्त करने अपने आधार कार्ड की फोटोकापी, मासिक बिल और पावती ( ग्राहक प्रति), साथ में लावें।
उपहार प्राप्त करनें का समय
सुबह 11 से शाम 5 बजे तक
स्थान : हरिभूमि जिला कार्यालय दुर्गा चौक, राजनांदगांव (छ.ग.) मो. 9425565082
स्थान : हरिभूमि जिला कार्यालय एकता चौक कवर्धा (छ.ग.) मो. 8889139071






| Kawardha To | Zest | Crysta | Today Offer |
|---|---|---|---|
| Raipur Airport | 1499 | 2999 | 999 |
| Nagpur / Jabalpur/ Ambikapur | 4999 | 7999 | 2999 |
| Sambalpur / Bargarh / Blangir | 3999 | 7999 | 1999 |

RAHUL TRAVELS
One Way Taxi Pvt Ltd
Scan And Book 9926411411
RAIPUR : Near Raipur Airport , Mana Camp

## खबर संक्षेप

### सुप्रीत तिवारी ने 92.40 प्रतिशत अंक के साथ उत्कृष्ट स्थान प्राप्त किया

**हरिभूमि कवर्धा।** केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के जारी नतीजे में केन्द्रीय विद्यालय महराजपुर कवर्धा कक्षा दसवीं के छात्र सुप्रीत तिवारी ने 92.40 प्रतिशत अंक प्राप्तकर अपने माता-पिता व विद्यालय का नाम रोशन व गौरवान्वित किया। छात्र सुप्रीत तिवारी श्रीमती नेहा प्रदीप तिवारी के सुपुत्र हैं, छात्र के इस उत्कृष्ट व बेहतर परिणाम से विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं समस्त परिजनों ने बधाई व उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए शुभकामनाएं प्रेषित की गई। साथ ही साथ परिवार जनों व ईष्ठ मित्र में उत्साह का माहौल बना हुआ है।



ज्योतिषी
(अंतर्राष्ट्रीय वशिक सम्राट)
बना बनाया काम बिगड़ना, ऊपरी हवा, पति पर स्त्री के वस में होना, शराब छुड़ने की गारंटी, वशीकरण मोहनी की गारंटी के साथ घरेलू समस्या, बच्चों का मन पढ़ाई में न लगना, शादी विवाह में अड़चन, प्रेम विवाह, सभी समस्या का निवारण, तंत्र-मंत्र वैदिक पद्धिति के द्वारा स्थायी हल।
पता- दीपक महाराज
रायपुर नाका, घोठिया रोड ज्योति विद्या मंदिर हाईस्कूल के पीछे कवर्धा
Mo. 9300415345

## परिजनों को दी बाल विवाह के नुकसान एवं कानूनी प्रावधानों की जानकारी

# जिला प्रशासन, महिला एवं बाल विकास विभाग की टीम ने रोके सात बाल-विवाह

हरिभूमि न्यूज ▶▶|कवर्धा

जिला कलेक्टर एवं अध्यक्ष जिला बाल संरक्षण समिति जनमेजय महोबे के निर्देशानुसार जिला कार्यक्रम अधिकारी एवं जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी के मार्गदर्शन एवं जिला बाल संरक्षण अधिकारी के नेतृत्व में मिशन वात्सल्य महिला एवं बाल विकास विभाग जिला बाल संरक्षण इकाई टीम द्वारा कार्य योजना तैयार कर जिले में बाल विवाह प्रभावी रोकथाम के प्रति जन-जागरूकता लाने विशेष अभियान चलाया जा रहा है।

जिस पर जिला कलेक्टर जनमेजय महोबे ने बाल-विवाह की पूर्णतः रोकथाम के लिए सभी विभाग के अधिकारियों को जिले मे होने वाले सभी विवाह आयोजनों पर पौनी नजर रखने तथा निरंतर निगरानी के निर्देश दिए है। बाल-विवाह रोकथाम के लिए महिला एवं बाल विकास विभाग नोडल विभाग है।

महिला एवं बाल विकास विभाग मिशन वात्सल्य जिला बाल संरक्षण इकाई चाईल्ड हेल्प लाईन 1098 विशेष किशोर पुलिस इकाई की टीम गांव-गांव जाकर बाल संरक्षण समितियों संबंधित विभागों जन प्रतिनिधियों समाज प्रमुखों आम नागरिकों सभी स्टेक होल्डरों के साथ बैठक, प्रशिक्षण कार्यशाला जागरूकता कार्यक्रम, नुक्कड़ नाटक, नारा, वाल लेखन मुनादी पाम्प्लेट एवं प्रचार-प्रसार सामग्री वितरण एवं विभिन्न माध्यमों से व्यापक प्रचार-प्रसार कर बाल अधिकार संरक्षण बाल विवाह प्रतिशेध अधिनियम 2006 तथा बाल विवाह से होने वाले नुकसान परेशानियों एवं कानूनी प्रावधानों की जानकारी देकर लोगो में निरंतर जागरूकता लाने का कार्य कर रहें हैं।

### बाल विवाह रोकथाम के लिए हुए त्वरित कार्यवाही



बाल विवाह रोकथाम की त्वरीत प्रभावी कार्यवाही के लिए कलेक्टर श्री महोबे के निर्देशानुसार जिला जनपद ग्राम पंचयात एवं वार्ड स्तर पर बाल संरक्षण टीम गठित है। साथ ही शासन द्वारा सभी बाल विकास सेवा परियोजना अधिकारियों को बाल विवाह प्रतिशेध अधिकारी नियुक्त किया है, जिन्हें चौकन्ना होकर निगरानी के निर्देश दिया गया है। राम नवमीं, अक्षय तृतीया शुभ मुहुर्त एवं विशेष अवसरों में अधिक संख्या में विवाह आयोजन होता है, जिसमें बाल विवाह होने की संभावना होती है। इसके लिए बाल विवाह रोकथाम टीम को पूर्व से अलर्ट किया गया। बाल विवाह आयोजन की जानकारी या सूचना मिलने पर तत्काल बाल संरक्षण समिति महिला एवं बाल विकास विभाग मिशन वात्सल्य जिला बाल संरक्षण इकाई चाईल्ड हेल्प लाईन 1098 विशेष किशोर पुलिस इकाई की टीम द्वारा मौके स्थल पर जाकर संबंधित बालक-बालिका की जन्म प्रमाण पत्र, शैक्षणिक अंकसूची के माध्यम से उम्र सत्यापन किया गया, जिसमें इस वर्ष कुल सात नाबालिग पाए, जिनका बाल विवाह रोकथाम की कार्यवाही किया गया। साथ ही बाल विवाह प्रतिशेध अधिनियम 2006 की विस्तृत जानकारी दिए। इस प्रकार वर्ष 2024 में कुल 07 बाल विवाह होने से पहले ही सक्रिय टीम ने रूकवा लिया।

# सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में आरपीएस के छात्र-छात्राओं का रहा दबदबा

हरिभूमि न्यूज ▶▶|कवर्धा



नगर के स्थित श्री रामकृष्ण पब्लिक स्कूल में केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड परीक्षा ने बीते सोमवार को 10वी व 12वी बोर्ड परीक्षा के नतीजे एक साथ जारी किए। इन नतीजों में सफलता की परंपरा को कायम रखते हुए नगर के सर्वश्रेष्ठ सीबीएसई स्कूल श्री रामकृष्ण पब्लिक स्कूल का परीक्षा परिणाम भी बेहतर रहा। जिसमें कक्षा 12वीं की छात्र डेविड बंजारे ने 90 प्रतिश अंक के साथ विज्ञान संकाय में प्रथम, मौलिक जैन ने 86.2 प्रतिशत के साथ कामर्स संकाय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं छात्र डेविड बंजारे ने गणित विषय में 100 में से 100 अंक प्राप्त करके कीर्तिमान स्थापित किया। साथ ही साथ उक्त छात्र ने विगत दिनों जी मेंस में व एडवांस की भी परीक्षा सर्वश्रेष्ठ रैंक में उत्तीर्ण की इस वर्ष कक्षा 12वी का परीक्षा परिणाम 95 फीसदी रहा। वहीं दूसरी ओर कक्षा 10वी की परीक्षा में अनुष्का राजपूत ने 93.2 प्रतिशत के साथ प्रथम, आरिका माग्रे एवं पुष्कर जायसवाल पे 92 प्रतिशत एवं 90 प्रतिशत के साथ दूसरे एवं तीसरे पायदान पर रहे। यहां दसवी बोर्ड में 107 छात्र छात्राओं ने परीक्षा दिलाई थी एवं परिणाम 99 प्रतिशत रहा।



सभी सफल छात्र-छात्राओं को संस्था के डायरेक्टर डॉ आदित्य चन्द्रवंशी व प्राचार्या श्रीममी एम शारदा एवं समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं ने बधाईयां एवं उज्जवल भविष्य कामना करते हुए विद्यालय का नाम गौरवान्वित करते रहने की बात कही।

# पुलिस प्रशासन की सराहनीय पहल, दो सौ में 105 परीक्षार्थियों ने ओपन परीक्षा की उत्तीर्ण

- पुलिस अधीक्षक ने ओपन परीक्षा में उत्तीर्ण विद्यार्थियों की सफलता पर दी बधाई।

हरिभूमि न्यूज ▶▶|कवर्धा



छत्तीसगढ़ राज्य ओपन स्कूल द्वारा दसवीं और बारहवी का परीक्षा परिणाम बुधवार को जारी कर दिया गया है। कबीरधाम पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक पल्लव और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विकास कुमार द्वारा जिले के सुदुर वनांचल क्षेत्र और अति नक्सल प्रभावित गांवों के बच्चों को शिक्षित करने और उनकी पढ़ाई लिखाई जारी रखने के लिए कक्षा 10वीं व 12 वीं की ओपन परीक्षा का फॉर्म 200 से अधिक बच्चों से भरावाया गया था। पुलिस विभाग की कड़ी मेहनत और लगन से आज इन दोनो की परीक्षाओं में शामिल 105 परक्षिार्थियों ने परीक्षा उत्तर्ण करने में सफलता हांसिल की है। सभी उत्तीर्ण विद्यार्थीयों को पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक पल्लव और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विकास कुमार ने बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की है। उल्लेखनीय है कि कबीरधाम पुलिस द्वारा जिले के सुदूर वनांचल क्षेत्र और अति नक्सल प्रभावित गांवों के बच्चों को शिक्षित करने और उनकी पढ़ाई लिखाई जारी रखने के लिए लगातार हर संभव मदद की जा रही है। इसी का परिणाम है कि आज सुदूर वनांचल के कक्षा 10वीं व 12वीं के 105 परिक्षार्थी सफलता का परचम लहराया हैं। यह सभी विद्यार्थी नक्सल प्रभावित क्षेत्र के चिल्फी, तरेगाव, रेंगाखार झलमला, बोड़ला के सुदूर वनांचल गांव के है।



### गांव से परीक्षा केन्द्र तक नि:शुल्क वाहन की व्यवस्था

सुंदूर वनांचल के परीक्षार्थियों ने बताया कि पुलिस अधीक्षक द्वारा परीक्षार्थियों के गांव से परीक्षा केन्द्र तक पहुंचाने के लिए निःशुल्क व्यवस्था की गई थी। जिससे परीक्षार्थी अपने परीक्षा केन्द्र पहुंचकर आसानी से ही परीक्षा दिलाए। पुलिस के जवानो ने उनके गांव में ही पहुंचकर परीक्षार्थियों को निःशुल्क पुस्तक वितरण किया गया था।

### पुलिस ने गांव में ही कोचिंग के माध्यम से दी नि:शुल्क शिक्षा

पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक पल्लव ने बताया कि कबीरधाम पुलिस द्वारा वर्ष 2023-24 में 200 से अधिक बच्चों को कक्षा 10वीं व 12वीं का ओपन परीक्षा का फॉर्म भरावाया गया था। उन्होंने बताया कि अधिक दूरी होने के कारण स्कूल या कोचिंग सेंटर तक पहुंचने में असमर्थ विद्यार्थियों के लिए कबीरधाम पुलिस द्वारा वनांचल के शिक्षित युवाओं के माध्यम से ही नक्सल प्रभावित गांवों के विद्यार्थियों को कोचिंग के माध्यम से शिक्षा दिलाई गई।

# शासकीय दृष्टि व श्रवण बाधित विद्यालय सिंघनपुरी में शाला प्रवेश प्रक्रिया शुरू

- बच्चों को नि:शुल्क भोजन, वस्त्र, बिस्तर, ड्रेस, मनोरंजन व खेलकूद के साधन उपलब्ध ।

हरिभूमि न्यूज ▶▶|बरबसपुर

विकासखण्ड कवर्धा अंतर्गत सिंघनपुरी में समाज कल्याण विभाग द्वारा शासकीय दृष्टि व श्रवण बाधित विद्यालय ग्राम सिंघनपुरी कवर्धा में संचालित है। दृष्टिबाधित एवं श्रवण बाधित छात्र छात्राओं के लिए कक्षा 1 लीं से पांचवी तक शाला प्रवेश की प्रकिया शुरू हो गई है।

शासकीय दृष्टि और श्रवण बाधित विद्यालय के अधीक्षक ने बताया है कि यह एक आवासीय विद्यालय है, जहा बच्चों को निःशुल्क भोजन, वस्त्र, बिस्तर, ड्रेस, मनोरंजन व खेलकूद के साधन उपलब्ध कराया जाता है।




विद्यालय में विशेष रूप से प्रशिक्षित शिक्षकों द्वारा दृष्टि बाधित छात्र छात्राओं को ब्रेल लिपि के माध्यम से तथा श्रवण बाधित छात्रों को सांकेतिक भाषा के माध्यम से शिक्षण प्रशिक्षण तथा वाणी प्रशिक्षण दिया जाता है। यह विद्यालय कबीरधाम जिले में दृष्टि व श्रवण बाधित छात्र छात्राओं के लिए एक मात्र विद्यालय है। यहां कबीरधाम जिले के साथ-साथ बेमेतरा, राजनांदगांव, खैरागढ़, मुंगेली के भी छात्र छात्राएं भी अध्यनरत है। शाला प्रवेश के संबंध में पालक संस्था के शिक्षक श्रीमती लक्ष्मी चंद्रा से संपर्क कर शिक्षा के क्षेत्र में लाभ ले सकते हैं।

## संस्कार पब्लिक स्कूल के छात्रों का बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन



**हरिभूमि कवर्धा।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित हाई स्कूल बोर्ड परीक्षा में नगर में संचालित संस्कार पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल के छात्र छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर नगर में अपना दबदबा बनाया। जिसमें छात्र शिवम सिंह ठाकुर ने 94.5 प्रतिशत अंक प्राप्तकर प्रथम स्थान, उर्वशी कश्यप ने 92 प्रतिशत अंक के साथ द्वितीय स्थान तथा श्रेयश यादव 86 प्रतिशत, लीना साहू 80 प्रतिशत इस प्रकार कुल सभी विद्यार्थियों में 52 प्रतिशत अंक के साथ प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण रहें वहीं 35 प्रतिशत द्वितीय श्रेणी से उत्तीर्ण होकर विद्यालय व अपने परिवार जनों का नाम रोशन किया। जिसपर नरेंद्र पटेल ने छात्र छात्राओं को बधाई देते हुए उत्कृष्ट प्रणाम हासिल करने के लिए विद्यालय की शिक्षक लगातार बच्चों को शिक्षा देने में लगे हुए थे, साथ ही साथ अतिरिक्त कक्षाओं का भी आयोजन किया गया था ताकि बच्चों की उत्कृष्ठ परिणाम आ सके। वहीं संस्था प्रमुख रमन चंद्रवंशी व शिक्षक दिनेश पटेल, हीरालाल जांगड़े, निशा ध्रुर्वे, प्रदीप साहू, कृष्णा अंजू सिंह सहित शिक्षक शिक्षिकाओं ने बधाई व शुभकामनाएं दी।

## प्रयास आवासीय स्कूल के लिए ऑनलाइन आवेदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶|कवर्धा

आदिवासी विकास विभाग के सहायक आयुक्त ने बताया कि सत्र 2024-25 में प्रयास आवासीय विद्यालयों के कक्षा 9वीं में प्रवेश के लिए ऑनलाईन आवेदन मंगाए गए है। ऑनलाईन आवेदन भरने की प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है।

आवेदकन 17 मई 2024 को रात्रि 12 तक भरे जा सकते है। आवेदन ऑनलाईन भरे गए आवेदन पत्र में त्रुटि सुधार 18 मई से 20 मई 2024 तक किया जाएगा। प्रवेश के लिए चयन परीक्षा तिथि 9 जून 2024 निर्धारित है। ऑनलाईन आवेदन पत्र भरने एवं अन्य जनकारी के लिए कार्यालय सहायक आयुक्त आदिवासी विकास कबीरधाम से प्राप्त कर सकते है।

पाठक सूचना
कवर्धा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9425554555, 8889139071

## मुख्यमंत्री व उप मुख्यमंत्री होंगे कार्यक्रम में शामिल

# सोनपुरी में गुरु गोरख नाथ प्रकट उत्सव 23 को

हरिभूमि न्यूज ▶▶|कवर्धा

प्रतिवर्षोनुसार की इस वर्ष भी वैशाख पूर्णिमा 23 मई को गुरु गोरखनाथ मंदिर सोनपुरी रानी सागर कवर्धा में शिव अवतारी महायोगी गुरु गोरखनाथ महाराज का प्राकट्य उत्सव सिद्ध दर्शनी अवधूत योगी अतिंद्रनाथ महाराज के मार्गदर्शन एवं आशीर्वाद से गृहस्थ नाथ योगी समाज छत्तीसगढ़ द्वारा बड़े ही हर्षोल्लास व धूमधाम से मनाया जाएगा। वहीं नाथ योगी समाज के पदाधिकारी एवं मार्गदर्शक, संरक्षक, युवा कार्यकारिणी एवं महिला प्रकोष्ठ के सभी सदस्य दिन-रात मेहनत कर समाज में उत्सव हेतु व्यापक प्रचार-प्रसार कर रहे हैं प्रकृति उत्सव में सम्मिलित होने के लिए छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा को उनके निज-निवास में जाकर आमंत्रण दिया गया। प्राकट्य उत्सव के दिन ब्रह्म मुहूर्त में प्रभात फेरी प्रातः योग शिविर मंगल आरती गुरु गोरखनाथ का साबर एवं वैदिक मंत्रों से पूजन अभिषेक हवन गुरु गोरखनाथ चालीसा का सामूहिक पाठ पश्चात सभी लोगों द्वारा किया जाएगा। वहीं को भोजन भंडारे प्रसाद वितरण के पश्चात मंच से पारंपरिक नाथ योगो समाज का भजन व अतिथियों का उद्बोधन तथा परम पूज्य दर्शनी योगी का आशीर्वाद सबको प्राप्त होगा। इस अवसर पर समाज के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का सम्मान एवं सफल व्यवसायियों का सम्मान किया जाएगा, महायोगी गुरु गोरखनाथ की प्राकट्यउत्सव को उत्साह पूर्वक मनाने के लिए नाथ योगी समाज के मुख्य मार्गदर्शक गोविंद नाथ शिवोपासक, मुख्य संरक्षक धनेश्वर नाथ योगी एडिटर इंन चीफ कबीर क्रांति रूपेंद्र नाथ शिव उपासक ठेकेदार भारत योगी एडिटर इन चीफ आईएमएनबी न्यूज़ रायपुर नाथ योगी युवा समाज के जिला अध्यक्ष हलधर नाथ योगी, उपाध्यक्ष रघुनाथ योगी, दौलत नाथ योगी, संगठन मंत्री हेमंत योगी, कोषाध्यक्ष त्रिलोचन नाथ योगी, व्यवस्थापक रामनाथ योगी, सचिव योगेश नाथ योगी, जिला महामंत्री गजेंद्र नाथ योगी, विनोद नाथ योगी, प्रकाश नाथ योगी, येमेंद्र नाथ योगी, किरण नाथ योगी, रोहित नाथ योगी, प्राणनाथ योगी, राघवनाथ योगी, फेरुनाथ योगी, भक्तूनाथ योगी, शिवनाथ योगी, मुकेश नाथ योगी, प्रकाश नाथ योगी, सदानंद नाथ योगी, नारायण नाथ योगी, टांकेश्वर नाथ योगी, तल्लू नाथ योगी, अशोक नाथ योगी, संजू योगी, विश्वनाथ योगी, वोकेश नाथ योगी, सुदर्शन नाथ योगी, दुर्गेश योगी सहित योगी समाज के सभी पदाधिकारी एवं माताएं द्वारा आमंत्रण दिया जा रहा है।



Health Town
डॉ. ठाकुर वुमन एंड चाइल्ड होम्योपैथिक क्लीनिक
Dr. Srishti Thakur
D/o Late Dr. Jitendra Thakur
For Appointment
7987959244
स्त्री रोग संबंधित समस्त समस्याएँ जैसे
PCOD | मासिक धर्म अनियमितता | अल्प स्त्राव मासिक | इनफर्टिलिटी | बच्चेदानी की गांठ | स्तन की गांठ
सभी प्रकार के शिशु एवं बाल रोग जैसे
ADHD | AUTISM | व्यवहारिक चिकित्सा
टांसिल उम्र के हिसाब से वजन कम होना दांत निकलते समय की परेशानी रात को बिस्तर गीला की बीमारी इत्यादि।
शॉप नं.1, गोपिया पारा चौक, पटेल कॉम्प्लेक्स, रायपुर
Online परामर्श उपलब्ध | दवाइयाँ कुरियर द्वारा भेजने की सुविधा
Maa Ad.
मूत्र किडनी एवं प्रोस्टेट
समस्त किडनी रोग गुर्दा, नेफ्रोलाजी किडनी में सुजन दर्द पेशाब कम होना या रूकावट जलन, सिरम क्रियेटिनिन, यूरिक एसिड, यूरिया का बढ़ना पैरो या आंखो में सूजन अगर डायलिसिस में चल रहे हो या किडनी बदलने कि नौबत आ गई हो तो इस चिकित्सा से जीवन बच सकता है, यह चिकित्सा किडनी के नेफ्रान्स सेल को पुनः एक्टीवेट (रिजनरेट) अर्थात् फिर से जीवन प्रदान करता है यूरेथ्रास्ट्रेक्चर (मूत्र नली का सिकुड़न) पेशाब न उतरना, बूंद बूंद टपकना या बन्द होना, आपरेशन कि आवश्यकता नहीं होती एवं पेशाब में जलन, पीला लालिमा रहना या खून या मवाद आना । प्रोस्टेट विकार बार बार पेशाब होना, बूंद-बूंद या रूकना, इसके कारण सेक्स में आई कमजोरी। समय : 11 से 3 बजे तक
जीवन ज्योति क्लीनिक डॉ. आर अग्रवाल (हर्बल मेडिसीन) नया बस स्टैण्ड के अंदर, गोलू पोहा जलेबी होटल के ऊपर शॉप न. 25 दुर्ग (छ.ग.) स्थायी चिकित्सा परामर्श के लिए मिले मो. 7587099540 (आने से पहले फोन करें)
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508133